# पंचायती जमीन पर गौशाला व गौ-वन बनाये जाएंगे

**8 बेसहारा गायों के समुचित आवास एवं आश्रय के लिए कई विभाग मिलकर एक योजना तैयार करेंगे: जयप्रकाश दलाल**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा सर**कार राज्य में घूम रही बेसहारा गायों के समुचित आवास एवं आश्रय के लिए प्रतिबद्ध है जल्द ही गौ -सेवा आयोग ,एनजीओ, पशुपालन एवं डेयरी विभाग और विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा मिलकर एक योजना तैयार की जाएगी।

यह जानकारी आज यहाँ हरियाणा निवास में विभिन्न गौशालाओं के प्रतिनिधियों , गौ -सेवा आयोग , पशुपालन एवं डेयरी विभाग और विकास एवं पंचायत विभाग तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करने के बाद कृषि एवं किसान कल्याण और पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जयप्रकाश दलाल ने दी।

इस मौके पर बैठक में विकास एवं पंचायत विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अनिल मलिक, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ अमित अग्रवाल, गौ सेवा आयोग के चेयरमैन सरवन कुमार गर्ग, लाइवस्टोक डेवलपमेंट बोर्ड के चेयरमैन श्री धर्मवीर मिजार्पुरिया, गौ सेवा आयोग के वाइस चेयरमैन पूरणमल यादव तथा वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। जयप्रकाश दलाल ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विकास एवं पंचायत विभाग की खाली जमीनों का ब्यौरा तैयार करें ताकि ग्रामीणों के सहयोग से पंचायती जमीन पर गौशाला व गौ-वन बनाये जा सकें। उन्होंने आगामी समय के लिए गौशालाओं में रहने वाली गायों के लिए समुचित मात्रा में चारा का प्रबंध करने के निर्देश भी दिए।

पशुपालन एवं डेयरी मंत्री को बैठक में जानकारी दी गई कि हरियाणा गौ सेवा आयोग में 635 गौशालाएं पंजीकृत हैं जिनमे करीब 4.5 लाख पशु रखे गए हैं, जबकि करीब एक लाख बेसहारा पशु हैं। इनमे से लगभग 40 हजार ग्रामीण क्षेत्र और 60 हजार शहरी क्षेत्र में घूम रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में बेसहारा पशुओं के कानों में 12 डिजिट के यूनिक टैग लगाकर उनकी पहचान सुनिश्चित की जाएगी। वहीं गौशालाओं के लिए शामलात भूमि की उपलब्धता, चारा उगाने तथा आवारा पशुओं के पुनर्वास के लिए उन्हें वित्तीय सहायता उपलब्ध कराकर गौशाला को प्रोत्साहित करने का काम भी सरकार द्वारा किया जाएगा। उनको आगे कहा कि मौजूदा गौशालाओं में 50,000 बेसहारा पशुओं का पुनर्वास किया जाएगा।

# गेहूं खरीद को लेकर नए नियमों के खिलाफ किसानों ने दिया धरना

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
सरकार की ओर से गेहूं की खरीद को लेकर जारी किये नये दिशा-निर्देशों को लेकर अभी तक कोई लिखित में न दियें जाने से किसान उग्र हो गये हैं। भारतीय किसान यूनियन भगत सिंह के सदस्यों ने मंडी में मार्केट कमेटी के कार्योलय के समक्ष धरना देकर विरोध जताया। किसान शाम तक धरने पर डटे रहे। किसानों का कहना है कि सरकार के खिलाफ कल से विरोध प्रदर्शन शुरू किया जायेगा, जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाती। किसानों ने मांग रखी कि उनकी फसल पहले की तरह ही खरीदी जाए अन्यथा उन्हें आंदोलन की राह अपनानी पड़ेगी। अंबाला में अभी तक गेहू की फसल की खरीद सुचारू ढंग से शुरू नही हो पाई है। वहीं केंद्र



द्वारा मौसम की मार से खराब हुई फसल की खरीद पर लगी कंडीशन्स को लेकर किसान खफा हो गए हैं। किसानों का कहना है कि पहले ही उन पर मौसम की मार पड़ी है उनकी फसलो का दाना खराब हुआ है उस पर 37 रुपए कट लगाया जाना ठीक नही है। अगर उन्होंने इस कंडीशन को इस बार स्वीकार कर लिया तो उन पर यह हर बार थोपा जाएगा। इसलिए वे इन कंडीशन्स को कतई नही मानेंगे। किसानों का कहना है कि सरकार अभी कह रही है कि किसानों की फसल का जो नुकसान हुआ है, तथा जितना कट लगेगा, वह उसे वहन करेंगी, जब तक केंद्र से पैसे नहीं आते। वहीं किसानों का कहना है कि इस सबंध में अभी तक कोई लिखित में नोटिफिकेशन जारी नहीं हुई है। मंडियों में अभी जे फार्म नहीं कटे हैं, हालांकि गेहूं के थैले जरूर भरे जा रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### खालसा सृजन दिवस पर नगर कीर्तन का भव्य स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** खालसा सृजन दिवस के उपलक्ष्य में आज अम्बाला छावनी के लालकुर्ती स्थित गुरूद्वारा श्री गुरु सिंह सभा नगर कीर्तन में पांच प्यारों की अगुवाई में सांय 4 बजे नगर कीर्तन बत्तरा पेलेस रोड, फुटबाल चौक, विजय रत्न चौक, सदर बाजार , हलवाई बाजार, पुल चमेली से होता हुआ निकला। जगह जगह पर नगर कीर्तन का संगतो द्वारा भव्य स्वागत किया गया। छावनी के विभिन्न बाजारों को विशेष तौर पर सजाया गया। संगतो द्वारा जगह जगह पर खाने पीने के स्टाल लगाए गए। यह नगर कीर्तन रात्रि कच्चा बाजार स्थित गुरूद्वारा कछतरी संत्संग में पहुंचेगा। जानकारी देते हुए सतविंद्र पाल सिंह, गुरप्रीत सिंह ने बताया कि आज श्री अखण्ड पाठ साहिब शुरु हुए तथा 14 अप्रैल शुक्रवार को भोग डाले जाएंगें। इसके उपरांत कीर्तन दरबार सजाए जाएंगे और गुरू के लंगर अटूट बरताए जांएगें।

### सरकारी अस्पतालों में दवाइयों का टोटा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला के सरकारी अस्पतालों में मरीजों को मिलने वाली निशुल्क दवाईयों का टोटा चल रहा है। हालात यह हैं कि सिविल अस्पताल के डाक्टर मरीजों को बाहर की दवाईयां लिख रहे हैं, जोकि उन्हें केमिस्टों से खरीदनी पड़ रही है। इन सबका सबसे अधिक बुरा असर गरीब लोगों पर पड़ रहा है। जानकारी मिली है कि जिन दवा वेंडरों की ओर से सिविल अस्पतालों में दवाईयां सप्लाई की जा रही हैं, उनकी पेमेंट स्वास्थ्य विभाग ने रोकी हुई है। जिसके चलते जीवनरक्षक दवाईयों का अस्पताल में कमी हो रही है। यह भी पता चला है कि दवा वेंडरों की ओर से स्वास्थ्य विभाग को यह कहा गया है कि पेमेंट पूरी की जाये, अन्यथा दवाईयो की सप्लाई नहीं की जायेगी। जानकारी यह भी मिली है कि दवाईयों की कमी केवल अंबाला ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के सिविल अस्पतालों में है। दवाईयां लेने आये लोगों को या तो पूरी दवाई नहीं मिल रही, या बिल्कुल ही नहीं मिल रही।

15 की जगह मिली 10 गोलियां-गत दिवस जब एक मरीज सिविल अस्पताल में इलाज के बाद दवा काउंटर पर दवाई लेने पहुंचा तो वहां मौजूद कर्मचारी ने मरीज को 15 की जगह 10 गोलियां दी। जब मरीज ने इस बारे में पूछा तो वहां कर्मचारी ने कहा कि शुर्क्र करो 10 गोलियों भी मिल रही हैं। ।

### इंजीनियरिंग प्रवेश-2023 के लिए एस आर एस एम टी छात्रवृत्ति परीक्षा की तिथि घोषित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)** श्री राम स्वरूप मेमोरियल ट्रस्ट (एस आर एस एम टी) अंबाला क्षेत्र में एक प्रसिद्ध चैरिटेबल ट्रस्ट है। यह एक गैर-लाभकारी गैर-सरकारी-संगठन है जो शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कला, संस्कृति और खेल को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। एस आर एस एम टी की कुछ प्रमुख सफल पहल हैं रोटरी स्कूल फॉर डेफ, रोटरी अंबाला कैंसर एंड जनरल हॉस्पिटल, अंबाला कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड एप्लाइड रिसर्च और एंटरप्रेन्योरशिप प्रमोशन एंड इनक्यूबेशन काउंसिल (एपिक) जिसकी स्थापना डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी , भारत सरकार के सहयोग से, अंबाला कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड एप्लाइड रिसर्च में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए की गयी है, जो एक अनूठी विशेषता है। अम्बाला कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के प्रिंसिपल डॉ कमल कुमार शर्मा ने बताया कि एसआरएसएमटी का उद्देश्य छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण पर ध्यान देने के साथ इंजीनियरिंग शिक्षा का समर्थन करना यह विश्वस्तरीय शिक्षा सबसे कम कीमत पर प्रदान करना है। इस तरह यह परीक्षा विकासशील उद्यमियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए इंजीनियरिंग शिक्षा को बढ़ावा देने में एक योगदान देती है जो बदले में देश में रोजगार पैदा करते हैं।

### एमटीवी रोडीज 19 - कर्म या काण्ड ने चंडीगढ़ में ऑन- ग्राउंड ऑडिशन की शरुआत की

**चंडीगढ़:** भारत का पसंदीदा और सबसे बडा एडवेंचर रियलिटी शो एमटीवी रोडीज, कर्म या काण्ड की लडाई शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। 19वें सीजन में, एडवेंचर और एड्रेनालाईन रश का पर्याय शो उन उत्साही लोगों की तलाश शुरू करता है, जिनमें कर्म या काण्ड की लडाई से ऊपर उठने की क्षमता है! मेजबान - सोनूसूद और गैंग लीडर्स- प्रिंस नरूला, गौतम गुलाटी और रिया चक्रवती के साथ, जो रोमांचक यात्रा के लिए अपने चुने हुए लोगों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए आगे बढ़ेंगे, एमटीवी रोडीज ने13 अप्रैल को इंद्रधनुष ऑडोटोरियम में चंडीगढ़ से ऑडिशन की शुरूआत करेंगे ।

# छावनी में आवारा कुत्तों का आतंक, 2 गायों को नोंच खाया

**8 इससे पहले भी कुत्तों ने बच्चे को निशाना बनाते हुए उसे 12 वर्षीय मासूम को कई जगह काट लिया था**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)**
आवारा कुत्तों का आंतक लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले एक महीने के दौरान आवारा कुत्ते अनेक लोगो को अपना शिकार बना चुके है। छावनी के लालकुर्ती में बीती रात कुत्तों ने दो गायों को नौच खाया। जिसके चलते दोनों गायों की मौत हो गई। जिसके बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय निवासी राजेश यादव ने बताया कि रात्रि बाड़े में उन्होनें अपनी गायों को बांधा था। लेकिन सुबह जब वह आये तो देखा कि गाय मृत पड़ी थी। जिसके बाद क्षेत्र के लोग भी वहां पर इकट्ठे हो गए। लोगो का कहना था कि रात्रि में कुत्तो के कारण उन्हे घर से बाहर निकलते हुए भी डर लगता है। उन्होनें बताया कि वह कई बार वह नगर परिषद से भी गुहार लगा चुके है। आज भी नगर परिषद कार्यालय में अपनी शिकायत लेकर जांएगें। गौरतलब है कि इससे पहले भी कुत्तों ने बच्चे को निशाना बनाते हुए उसे 12 वर्षीय मासूम को कई जगह काट लिया था। बच्चा अपनी जान बचाते हुए किसी तरह कुत्तो से दूर भागा जिसके बाद परिजन बच्चें को अस्पताल में ले गए थे। जिसके चलते ध्रुव घायल हो गया।

# दुकानों का मालिकाना हक मिलने पर ट्रेडर्स एसो. ने किया विज का स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)** हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी को विकास का हक नहीं मिला था और वह सूद समेत सरकार से छीनकर लाए हैं। उन्होंने कहा आज अम्बाला छावनी में नगर परिषद के किराएदार है, वह काफी खुश है। कैबिनेट बैठक में दुकानदारों के लिए रास्ता खोला गया है और जो 20 साल से पुराने किराएदार है उनकी रजिस्टरी कलेक्टर रेट पर होगी।

अम्बाला छावनी की गांधी मार्केट में गांधी मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में दुकानदारों को संबोधित कर रहे थे। उनके कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही दुकानदारों ने गगनभेदी नारों से उनका स्वागत किया और पगड़ी पहनाकर उनका आभार जताया।



गांधी मार्केट सहित छावनी में नगर परिषद के 20 साल से ज्यादा पुराने सैकड़ों दुकानदारों को गृह मंत्री अनिल विज की बदौलत दुकानों का मालिकाना हक हासिल हो सका है। विज ने कहा कि वह अम्बाला छावनी के हक के लिए लड़ते रहेंगे। गत दिनों जो कैबिनेट बैठक हुई उसमें भी अधिकारियों के पास कोई स्पष्ट आदेश नहीं था और यह मुद्दा पास होने जा रहा था कि अम्बाला छावनी को छोड़कर बाकि सारे हरियाणा में 20 साल से ज्यादा किराए की दुकानों को उनका मालिकाना हक दिया जाए।

इसपर उन्होंने कहा अगर अम्बाला छावनी को इसमें शामिल नहीं किया तो वह सारे हरियाणा का नहीं होने देंगे। उनके शहर को भी वहीं मिलना चाहिए जो बाकि शहरों को मिल रहा है और काफी बहस के बाद अंत में हमारी जीत हुई। कैबिनेट में सरकार ने यह लिखकर दिया कि जमीन किसी की हो यदि नगर परिषद में है तो 100 गज तक जमीन की रजिस्टरी कमेटी का प्रशासक कर पाएगा। गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि कैबिनेट में प्रस्ताव पास हो चुका है और इसकी कल नोटिफिकेशन भी हो चुकी है। अब जो भी 20 साल से ज्यादा नगर परिषद का किराएदार है वह अपनी रजिस्टरी करवा सकता है। अगर 20 से 25 साल पुराना किराएदार है तो कलेक्टर रेट की 80 प्रतिशत कीमत देनी होगी। यदि 25 से 30 है तो उसे 75 प्रतिशत कीमत देनी होगी और ऐसे ही उम्र बढ़ती जाएगी कलेक्टर रेट कम होता जाएगा। 50 साल से ज्यादा पुरानी दुकान है तो 50 प्रतिशत में रजिस्टरी हो जाएगी और किराएदार मालिक बन जाएंगे।

# सेक्टर-9 में भागवत कथा हुई शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**गत वर्षो की** भांति इस वर्ष भी सेक्टर 9 स्थित हाउसिंग बोर्ड में सभी क्षेत्र निवासियों द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन करवाया गया । श्रीमद्भगवत कथा का आयोजन 11 अप्रैल से 17 अप्रैल तक किया गया है । श्रीमद् भागवत कथा की व्याख्या अंबाला शहर के पंडित रोहित शास्त्री द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर 11 अप्रैल प्रातः 9:00 बजे महिलाओं द्वारा श्री गणेश पूजन के साथ सिर पर कलश रखकर व भगवान कृष्ण के भजन कीर्तन के साथ कलश यात्रा निकाली गई । गणेश पूजन पंडित मामराज शर्मा अनिल शर्मा कुलदीप शर्मा विक्रम शर्मा आदि द्वारा करवाया गया । कलश यात्रा में 51 महिलाओं ने भाग लिया तथा भगवान श्री कृष्ण की सुंदर झांकी लीला भी देखने को मिली । शोभा यात्रा गेट नंबर 2 से



प्रारंभ होकर महादेव मंदिर सेक्टर 9 से चलती हुई हाउसिंग बोर्ड में ही स्थित श्री वृंदावन आश्रम डॉ श्री अनुभवानंद महाराज के सानिध्य में कथा पंडाल तक पहुंची । उसके पश्चात सांय 4 बजे से 7 बजे तक कथावाचक पंडित रोहित शास्त्री ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा श्रीमद् भागवत कथा मनुष्य का श्रृंगार ज्ञान एवं वैराग्य से करती है । श्रीमद् भागवत कथा मनुष्य को शिकारी नहीं पुजारी बनाती है । जो भी मनुष्य अपने जीवन में एक बार भी कथा का रसपान कर लेता है उसका जीवन संवर जाता है आगे कथा में हनुमान जी का दृष्टांत देते हुए शास्त्री ने कहा कि भक्त हनुमान के अंदर 8 गुण थे इसी प्रकार मनुष्य के अंदर भी गुण तभी आते हैं जब वह पूर्ण रूप से भक्त बन जाता है। कथा के मध्य में भगवान श्री कृष्ण के सुंदर भजनों का आनंद सभी भक्तों ने झूम कर लिया । तत्पश्चात श्रीमद्भागवत पुराण की आरती के साथ कथा का विश्राम किया गया । इस अवसर पर क्षेत्र के निवासी मीरा सोनिया अनु माधवी ममता निधि नीलम अंजू संजीव कुलदीप रवि इत्यादि द्वारा प्रसाद वितरित किया गया।

# बराड़ा के रमनदीप व त्रिलोचन ने सुखविंदर व रजत से ठगे 13 लाख

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
चंडीगढ़ रोडवेज में नौकरी लगवाने के नाम पर बराड़ा के सीवन माजरा निवासी सुखविंद्र कुमार से दो लोगों ने 13 लाख रुपए ठग लिये। जब के नौकरी नहीं लगी तो दोनों पक्षों के बीच पैसे वापिस करने को लेकर समझौता हुआ था, लेकिन आरोपियों ने पैसे वापिस नहीं किये और सुखविंद्र को धमकियां दी। बराड़ा पुलिस ने सुखविंद्र की शिकायत पर जगता कालोनी बराड़ा के रमनदीप सिंह व त्रिलोचन सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में सुखविंद्र ने बताया कि वह तथा रजत कुमार निवासी सरकपुर को चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट में कंडक्टर के पद पर नौकरी लगवाने के लिये रमनदीप व त्रिलोचन ने 13 लाख रुपए लिये थे, लेकिन उन्होंने नौकरी नहीं लगवायी, जिसके बाद एसपी को शिकायत दी गयी थी।

# प्रियजन का मिलन सुखद व बिछुड़ना दुःखद होता हैः आचार्य चैतन्य



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला(मनीष कुमार)**
उक्त सद्विचार आचार्य सनातन चैतन्य जी महाराज ने शहर के सैनी भवन मे स्वर्गीया माता श्रीमती कृष्णा देवी शर्मा की स्मृति मे आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे बोल रहे थेउन्होंने ने कहा की नदी के दो तट होते है दोनों तट के बीच जल बहता है वैसे ही हमारे जीवन के भी दो तट है एक जन्म और दूसरा मृत्यु इन दोनो के बीच मे जीवन चल रहा है जन्म से मृत्यु की तरफ हमारी यात्रा हैमृत्यु हो कोई नही चाहता पर यह भौतिकी जगत का विधान है "आए है सो जायेंगे राजा रंक फकीर" गीताचार्य भगवान श्रीकृष्ण गीता मे कहते है "जातस्य ही ध्रुवों मृत्यो ध्रुवं जन्म मृतस्य च" अर्थात जिसका जन्म है उसकी मृत्यु और जिसकी मृत्यु है उसका जन्म निश्चित है। प्रिय जन का संयोग सुखद व विछोह दुखद होता है। इस अवसर पर पण्डित आचार्य तिलकराज शर्मा,पं अनिल शर्मा व्यास व पं रोहित शर्मा ने भी सुन्दर संगीतमय भजन गायन करके श्रद्धांजलि सभा को संबोधित किया।

# राज्य सूचना आयुक्तों के नामों पर राज्यपाल की मुहर

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के राज्य सूचना आयुक्तों के नामों पर हरियाणा के गवर्नर बंडारू दत्तात्रेय ने मुहर लगा दी है। तीनों आयुक्त हरियाणा राजभवन में 13 अप्रैल को पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे। हरियाणा राज्य सूचना आयोग के सदस्य पद पर कुलबीर छिकारा, जगबीर सिंह तथा प्रदीप शेखावत का चयन किया गया है। सीएम मनोहर लाल ने इन 3 नामों की अनुशंसा कर मंजूरी के लिए हरियाणा गवर्नर बंडारू दत्तात्रेय को भेजे थे।

**मीटिंग में फाइनल हुए नाम:** हरियाणा में राज्य सूचना आयुक्त के तीन पदों पर मंथन के बाद तीन नामों पर सहमति बनी। इनमें HPSC के मेंबर रह चुके कुलबीर छिकारा के साथ ही हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन रह चुके जगबीर सिंह और राजस्थान से संबंध रखने वाले प्रदीप शेखावत का नाम शामिल है। इन नियुक्तियों में नेता प्रतिपक्ष और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की भी सरकार ने सहमति ली है।

**पूर्व सीएम हुड्डा ने भी दी सहमति:** हरियाणा भवन में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में राज्य सूचना आयोग के संदर्भ में मीटिंग बुलाई गई। बैठक में कमेटी के सदस्य पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के अलावा मुख्य सचिव संजीव कौशल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस मीटिंग में 3 नामों पर सहमति के बाद राजभवन को भेजा गया।

# 2 स्कूल बसों में आगः फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने पाया काबू



**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
**हरियाणा** के गुरुग्राम स्थित सेक्टर-45 एक निजी स्कूल की पार्किंग में खड़ी 2 बसों में बुधवार को अचानक आग लग गई। आग की वजह से दोनों बसें पूरी तरह जलकर खाक हो गई। सूचना के बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। साथ ही मौके पर पहुंची पुलिस आग के कारणों का पता लगाने में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुग्राम के सेक्टर-45 में बने एक नामी निजी स्कूल की एक बस स्टाफ को छोड़ने के बाद बुधवार को पार्किंग में आकर खड़ी हुई थी। बस का चालक भी उतरकर पास में ही खड़ा हुआ था। कुछ देर बाद ही अचानक बस में आग की लपटें उठने लग

**8 आग की वजह से दोनों बसें पूरी तरह जलकर खाक हो गई। दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया**

गई। आग इतनी तेजी से फैली की उसके पास खड़ी दूसरी बस को भी चपेट में ले लिया।

**दोनों बसें खाक हुईः** आग बढ़ती देख स्कूल स्टाफ ने तुरंत दमकल विभाग को सूचित किया। सूचना के बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। हालांकि आगजनी में दोनों बसें पूरी तरह जलकर खाक हो गई है। फायर ऑफिसर नरेन्द्र सिंह ने बताया कि चालक से पूछने पर उसने बताया कि वायर में फॉल्ट होने की वजह से आग लगने की संभावना है।

# यमुना तटबंध के अंदर खोजकीपुर के किसानों का यूपी के किसानों से चल रहा है विवाद

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
हरियाणा प्रशासन ने बुधवार को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में दूसरी बार फिर से यमुना तटबंध के अंदर गांव खोजकीपुर के किसानों की विवादित भूमि पर खड़ी गेहूं की फसल को कंबाईन द्वारा कटवाया गया। इस मौके पर समालखा हलका विधायक धर्म सिंह छौक्कर भी यमुना बांध पर गेहूं फसल कटाई के दौरान किसानों के साथ उटे रहे । प्रशासन के साथ ही गांव के बहुत से किसान अपने ट्रैक्टर ट्रालियां लेकर खेतों में पहुंचे हुए थे और चार दिन पहले 9 अप्रैल को प्रशासनिक टीम ने गेंहू की 25 एकड पुसल की कटाई करवाई गई थी। जो बची रह गई गेहूं की फसल की कटाई कराने बुधवार को फिर से भारी पुलिस बल ने गेहूं की फसल कटवाने पहुंचा। यमुना के अंदर कंबाईन द्वारा काटी गई गेहूं की फसल को ट्रालियों में डालकर साथ के साथ लाया गया। जिला प्रशासन की तरफ से समालखा एसडीएम अमित कुमार, डीएसपी समालखा ओमप्रकाश, बापौली तहसीलदार जगदीश चंद, नायब तहसीलदार कैलाश चंद्र, एसएचओं अत्तर सिंह, कानूनगो नरेश कुमार व पटवारी सुरेंद्र राजस्व रिकार्ड के साथ खेतों में पहुंचे और खोजकीपुर के किसानों की विवादित भूमि से फसल कटवाई गई। इस मौके पर पुलिस की तरफ से समालखा, बापौली व सनौली खुर्द थानों की पुलिस के अलावा कई अन्य थानों की पुलिस और



पुलिस लाईन से भी पुलिस कर्मियों की तीन गाडियां खेतों में पहुंची हुई थी। जबकि समालखा विधायक धर्म सिंह छौक्कर गांव खोजकीपुर में यमुना बांध पर रहकर फसल कटाई को लेकर सारी जानकारी लेते रहे। बता दे कि बापौली तहसील के गांव खोजकीपुर के किसानों की यमुना तटबंध के अंदर जमीन है और किसानों का यूपी के गांव टांडा के किसानों से पिछले करीब 48 सालो से विवाद चल रहा है। राजस्व रिकार्ड के अनुसार तो जमीन हरियाणा के खोजकीपुर के किसानों की है पर यूपी के गांव टांडा आदि के किसान उसको अपनी जमीन बतलाते है और इसलिये ही विवाद चल रहा है। किसानों व विधायक धर्म सिंह छौक्कर ने प्रशासन से मांग की थी कि पुलिस की मदद से गेहूं की फसल को कटवाया जाए। किसानों का कहना था कि यदि वे स्वयं फसल काटने जाएगे तो यूपी के किसान उनपर हथियारों से हमला कर सकते है। जिस स्थान पर गेहूं की फसल काटी गई है, वहां पर यमुना का पानी हरियाणा की तरफ बह रहा है और जमीन यूपी की तरफ है। जिला प्रशासन, पुलिस व किसान पहले 9 अप्रैल को करीब 25 एकड गेहूं की कटाई कराई जा चुकी है जो बची रह गई करीब 45 एकड गेहूं की फसल की कटाई कराने यमुना पुल के रास्ते से होकर ही फसल की कटाई करने खेतों में पहुंचे कर कराई गई है। विवादित भूमि से गेहूं की फसल की कटाई होने पर गांव खोजकीपुर के किसानों व जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली है। इस बारे में विधायक समालखा धर्म सिंह छौक्कर का कहना है कि यमुना के अंदर हरियाणा के खोजकीपूर सहित आसपास के कई गांवों के किसानो को सैकड़ो एकड जमीन पर कभी कब्जा करने तो कभी फसले कटाई को लेकर विवाद होता रहता है। अब खोजकीपूर के किसानो की यमुना के अंदर खडी गेहूं फसल कटाई कराने की किसानो की मांग पर उन्होंने जिला प्रशासन के सहयोग से गेहूं की फसल की कटाई करवाई गई है।

# जुलाई से शुरू होगा दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल

## शिक्षा मंत्री आतिशी ने दौरा कर लिया तैयारियों का जायजा, दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल में छात्रों को दी जायेगी 10 ओलंपिक खेलों की वर्ल्ड क्लास ट्रेनिंग-शिक्षा मंत्री आतिशी

### जायजा लिया

= कम उम्र से ही खेल प्रतिभाओं को संवारना और उन्हें वर्ल्ड-क्लास सुविधाएं व ट्रेनिंग देते हुए अंतरराष्ट्रीय स्पधाओं के लिए तैयार करना है





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**केजरीवाल** सरकार का दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल नए सत्र से शुरू हो जाएगा। बुधवार को शिक्षा मंत्री आतिशी ने इसका दौरा कर नए सत्र में स्कूल शुरू होने की तैयारियों का जायजा लिया। विजिट के दौरान शिक्षा मंत्री ने स्कूल में विकसित की जा रही स्पोर्ट्स सुविधाओं से संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को अंतिम चरण में चल रहे कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी द्वारा संचालित दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल के माध्यम से हमारा उद्देश्य कम उम्र से ही खेल प्रतिभाओं को संवारना और उन्हें वर्ल्ड-क्लास सुविधाएं व ट्रेनिंग देते हुए अंतरराष्ट्रीय स्पधाओं के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में दिल्ली को देश का स्पोर्ट्स कैपिटल बनाने के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल जी के विजन को पूरा करने में दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी अपनी अहम् भूमिका निभाएगा। शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि अबतक देश में हमेशा पढ़ाई और खेल को अलग-अलग माना गया है। यही कारण है कि इतनी बड़ी जनसँख्या होने के बावजूद भी ओलंपिक में जब पदक तालिका देखी जाती है तो हम बहुत नीचे होते है। केजरीवाल सरकार इस अवधारणा को बदलने का काम कर रही है। हम दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी और इसके अंतर्गत दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल के द्वारा ये माहौल बनाने का प्रयास कर रहे है जहाँ खिलाडियों का खेल ही उनकी पढ़ाई होगी और देश का हर आदमी कह सकेगा कि खेल भी पढाई है। बता दे कि स्पोर्ट्स स्कूलकक्षा 6 से 9 के लिए इस सत्र से ही शुरू हो जायेगा जिसके लिए टैलेंट स्काउटिंग द्वारा खेल प्रतिभाओं को चुना जा रहा है। इस बाबत शिक्षा मंत्री ने कहा कि, इस स्कूल में देशभर की खेल प्रतिभाओं को शामिल किया जायेगा जिन्हें हम शानदार स्पोर्ट्स फैसिलिटीज व वर्ल्ड-क्लास ट्रेनिंग देकर अंतराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए पदक जीतने के लिए तैयार करेंगे दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ने अंतराष्ट्रीय संस्थानों के साथ एमओयू भी किए है जिसके तहत राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय कोच स्कूल में बच्चों को ट्रेनिंग देंगे इस स्कूल में 10 ओलंपिक खेलों को शामिल किया गया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल जी का विजन है कि दिल्ली देश का स्पोर्ट्स कैपिटल बने उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के इस विजन को पूरा करने में यूनिवर्सिटी अपनी अहम भूमिका निभाएगो हम अपने स्पोर्ट्स स्कूल से छोटी उम्र से ही बच्चों को खेलों के लिए तैयार करेंगे और उन्हें शानदार प्रशिक्षण देंगे ताकि ये बच्चे भविष्य में भारत के लिए ओलंपिक मेडल लेकर आए और दिल्ली सहित पूरे देश का नाम रौशन करें उन्होंने कहा कि अपने इस स्कूल में हम बच्चों को हर वो सुविधाएँ देंगे

### बच्चों के लिए बनाया जा रहा है 4 मंजिला शानदार हॉस्टल

केजरीवाल सरकार का दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल एक रेजिडेंशियल स्कूल है। जहाँ छात्र व छात्राओं के लिए अलग-अलग हॉस्टल है। स्कूल परिसर में ही मौजूद 4 मंजिला इस हॉस्टल में छात्रों के लिए किचेन मेस सहित अन्य सभी सुविधाएँ मौजूद है

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कोचों से मिलेगा विश्वस्तरीय प्रशिक्षण

**दिल्ली** स्पोर्ट्स स्कूल में एनरोल्ड स्टूडेंट्स को विशेष कोचों के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग दी जाएगी। शैक्षणिक प्रदर्शन के साथ-साथ उनके खेल प्रशिक्षण और प्रदर्शन का लगातार मूल्यांकन किया जाएगा। स्कूल के स्टूडेंट्स को वर्ल्ड-क्लास कोचिंग प्रदान करने के लिए स्कूल पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों और एक्सपर्ट ट्रेनर्स को चुनेगी साथ ही यहां विश्व स्तरीय स्पोर्ट्स कोचिंग और सुविधाओं के अलावा, स्कूल में स्पोर्ट्स साइंस सेंटर और एथलीट मॉनिटरिंग सिस्टम भी स्थापित किया जायेगा जो साइंटिफिक तरीकों से स्टूडेंट्स के खेल प्रदर्शन को बेहतर करने में मदद करेगा।

### क्या है दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल

यह को-एड विद्यालय पूरी तरह आवासीय होगा तथा छात्र और छात्राओं के लिए अलग-अलग हॉस्टल सुविधा उपलब्ध होंगी। स्कूल 10 चुने गए ओलंपिक खेलों के लिए खेल प्रशिक्षण और सुविधाएं प्रदान करेगा: आर्चरी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, शूटिंग, वेटलिफ्टिंग, रेसलिंग, बॉक्सिंग, स्विमिंग, टेबल टेनिस और लॉन टेनिस। इस स्कूल का उद्देश्य एक विशेष और अनुकूलित स्पोर्ट्स इंटीग्रेटेड करिकुलम के माध्यम से उनके समग्र विकास को सुनिश्चित करते हुए स्पोर्ट्स चैंपियन तैयार करना होगा




मनीष सिसोदिया कोर्ट के समक्ष पेश हुए तो आप कार्यकर्ताओं ने रिहाई की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

## युवक की चाकू से गोदकर निर्मम हत्या, जांच शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दक्षिण जिले के अंबेडकर नगर इलाके में एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। वहीं मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि कई लड़कों ने मिलकर युवक पर चाकू से जानलेवा हमला किया था। बताया जा रहा है कि आरोपितों में दो सगे भाई भी हैं। पुलिस ने मामले में मौके पर पहुंचकर कर जांच शुरू कर दी है। डीसीपी चंदन चौधरी ने बुधवार को बताया कि मंगलवार रात 10 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली थी, जिसमें बताया गया था कि एक युवक को 3 लोगों ने मिलकर चाकू मार दिया है। वह बुरी तरह घायल है और काफी खून बह रहा है, मौके पर पहुंची पीसीआर वैन ने घायल को तुरंत नजदीकी हॉस्पिटल में भर्ती कराया, लेकिन वहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई, जिसकी पहचान दक्षिणपुरी निवासी राहुल उर्फ खटारा के रूप में हुई है। घटना की प्रत्यक्षदर्शी महिला रानी ने बताया कि, घटना मंगलवार रात करीब 9:30 बजे के आसपास हुई। वहां लोग खाना खाकर सोने जा रहे थे कि तभी एक युवक उनके गेट के बाहर आकर गिरा।

## आप' के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे भाजपा नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया

### प्रचंड प्रदर्शन

= प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोश में आकर बैरिकेडिंग को हटाकर अंदर जाने की कोशिश की




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सरकार पर घोटाले का आरोप लगाते हुए आम आदमी पार्टी कार्यालय के पास भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को प्रदर्शन किया। बाद में प्रदर्शन कर रहे भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी सहित कई बड़े नेताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया। प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोश में आकर बैरिकेडिंग को हटाकर अंदर जाने की कोशिश की। हालांकि, आम आदमी पार्टी के दफ्तर तक भाजपा के कार्यकर्ता नहीं पहुंच पाए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने दो लेयर में बैरिकेडिंग की गई थी। पहली बैरिकेडिंग को तो भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार कर लिया, लेकिन दूसरी बैरिकेडिंग पर पुलिस ने उन्हें रोक लिया।
पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच कई बार धक्का-मुक्की देखने को मिली। दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और पुलिस के बीच कहासुनी भी हुई। प्रदर्शन में शामिल नेताओं को पुलिस बस में भरकर आईपी स्टेट पुलिस स्टेशन ले गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने दिल्ली सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और दिल्ली के मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग की। भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में दिल्ली की अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार का उद्योग चला रही है। अभी हाल ही में दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने एक बस स्टैंड का उद्घाटन किया था। उस बस स्टैंड में भी करोड़ों का घोटाला हुआ है। वह भी जल्द उजागर होगा। भाजपा आप के भ्रष्टाचार की पोल खोलेगी, अभी तो सिर्फ उनके दो ही मंत्री जेल में गए हैं। आने वाले दिनों में और गोपाल राय और कैलाश गहलोत भी जेल जाएंगे। इस भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ने का भाजपा कार्यकताओं ने संकल्प ले लिया है। इस बार दिल्ली से आम आदमी पार्टी की सरकार उखड़ जाएगी। प्रदर्शन के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि कल दिल्ली के मुख्यमंत्री भाषण दे रहे थे कि मुझे मनीष और सत्येंद्र जैन की बहुत याद आ रही है। वह दिन भी बहुत जल्द आने वाला है जब दिल्ली के मुख्यमंत्री भी जेल जाएंगे। उनके साथ अगला नंबर पर्यावरण मंत्री गोपाल राय और परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत का है।

## आईटीओ चौराहे पर सिसोदिया के समर्थन में लगे पोस्टर



### वी मिस यू मनीष जी

= कहा जा रहा है कि यह पोस्टर आम आदमी पार्टी द्वारा लगाए गए हैं, जिसपर वी मिस यू मनीष जी लिखा हुआ है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राजधानी में एक बार फिर दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के समर्थन में पोस्टर लगाए गए हैं। यह होर्डिंग पोस्टर मध्य जिले के आईटीओ चौराहे के आसपास लगाए गए हैं। कहा जा रहा है कि यह पोस्टर आम आदमी पार्टी द्वारा लगाए गए हैं, जिसपर वी मिस यू मनीष जी लिखा हुआ है। बताया जा रहा है कि इसके माध्यम से आम आदमी पार्टी सिसोदिया को याद कर रही है। इन पोस्टर्स को मंगलवार देर रात लगाया गया। उल्लेखनीय है कि यह पहली बार नहीं है, जब दिल्ली में मनीष सिसोदिया के समर्थन में पोस्टर लगाए गए हैं। इससे पहले भी कई बार कभी ऑटो पर, तो कभी क्षेत्रों में मनीष सिसोदिया के पोस्टर देखने को मिले हैं। दो दिन पहले ही आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल हुआ है, जिसका पार्टी कार्यकर्ता जश्न मना रहे हैं, लेकिन मनीष सिसोदिया फिलहाल तिहाड़ जेल में हैं, जिसके पक्ष में पार्टी लगातार समर्थन जुटा रही है। इस पोस्टर के जरिए भी पार्टी शायद मनीष सिसोदिया के समर्थन में माहौल बनाने की कोशिश कर रही है।

## कबाड़ में लगी भीषण आग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** नरेला इलाके में बुधवार सुबह कबाड़ के ढेर में आग लग गई। लोगों ने आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दमकल की आठ गाड़ियों ने ढ़ाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि दमकल कंट्रोल रूम को बुधवार सुबह 10:01 पर सूचना मिली कि सेक्टर बी-4 पॉकेट-13 नरेला स्थित जेपी धरमकांटा के पास कबाड़ में आग लग गई है। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की एक-एक कर करीब आठ गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। आग कैसे लगी इस बात का पता फिलहाल नहीं चल पाया है.। दमकल विभाग के अनुसार आग बड़े एरिया में फैले वेस्ट मैटेरियल/कबाड़ में लगी थी, जिसे समय रहते बुझा लिया गया।

## विजय नायर की जमानत याचिका पर ईडी को नोटिस



### आबकारी घोटाला

= विजय नायर की ओर से पेश वकील रेबेका जॉन ने कहा कि आरोपित को 13 नवंबर 2022 को गिरफ्तार किया गया था

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली हाई कोर्ट** ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले के आरोपित विजय नायर की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए ईडी को नोटिस जारी किया है। जस्टिस दिनेश कुमार शर्मा ने ईडी को 19 मई तक स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान विजय नायर की ओर से पेश वकील रेबेका जॉन ने कहा कि आरोपित को 13 नवंबर 2022 को गिरफ्तार किया गया था। आरोपित को सीबीआई के मामले में ट्रायल कोर्ट से जमानत मिल चुकी है। सीबीआई के मामले में जिस दिन जमानत मिली उसके एक दिन बाद ही ईडी ने गिरफ्तार कर लिया। ईडी की ओर से पेश वकील जोसेफ हुसैन ने कहा कि आरोपित मुख्य साजिशकताओं में से एक है। उसके बाद कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी कर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 16 फरवरी को विजय नायर समेत पांच आरोपितों की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। छह जनवरी को ईडी ने आबकारी घोटाले में पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट में 12 को आरोपित किया गया है। इसमें 5 व्यक्तियों और 7 कंपनियों के नाम हैं। चार्जशीट में ईडी ने जिन लोगों को आरोपित किया है उनमें विजय नायर, अभिषेक बोइनपल्ली, शरद चंद्र रेड्डी, विनय बाबू और अमित अरोड़ा शामिल हैं। इसके पहले कोर्ट ने 20 दिसंबर 2022 को ईडी की ओर से दाखिल पहली चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। ईडी ने 26 नवंबर 2022 को पहली चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी ने विजय नायर और अभिषेक बोइनपल्ली को 13 नवंबर 2022 को गिरफ्तार किया था।

## स्कूल में बम की सूचना मिली

### हड़कंप मचा

= हड़कंप मच गया और आनन-फानन स्कूल को खाली करा लिया गया है। बम निरोधी दस्ते के बाद अब स्वाट टीम भी स्कूल पहुंच गया।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के डिफेंस कॉलोनी इलाके में स्थित एक स्कूल को आज ईमेल के जरिए कैंपस में बम होने की सूचना मिली। इस सूचना से पूरे स्कूल में हड़कंप मच गया और आनन-फानन स्कूल को खाली करा लिया गया है। बम निरोधी दस्ते के बाद अब स्वाट टीम भी स्कूल पहुंच गया। जानकारी के अनुसार बीआरटी रोड पर स्थित इंडियन स्कूल को आज सुबह 10.49 बजे एक मेल मिला। उसके सबजेक्ट में बम की धमकी की बात लिखी थी। मेल में लिखा था कि स्कूल में बम प्लांट किया गया है। यह मेल मिलते ही स्कूल प्रशासन सकते में आ गया और तुरंत पुलिस को सूचना देने के साथ ही स्कूल को खाली करा लिया गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस बम शिनाख्त और निरोधी दस्ते के साथ स्कूल पहुंची। इस वक्त स्कूल के बाहर भीड़ जमा है और पुलिस व बम निरोधी दस्ता स्कूल की जांच कर रहा है। घटना के बाद से ही बच्चों और स्कूल स्टाफ में दहशत है। वहीं यह खबर मिलने पर बच्चों के अभिभावक भी स्कूल पहुंच गए हैं।

# कातिल बहू: 7 घंटे इंतजार...57 मिनट में सास-ससुर को मार डाला, तीनों आरोपी पुलिस के शिकंजे में...

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कोई** सोच भी सकता था कि घर की इज्जत बहू ही सास-ससुर की हत्या में शामिल हो सकती है। उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस ने घंटों बाद इस दोहरे हत्याकांड की गुत्थी से पर्दा उठाकर बहू मोनिका (30) को गिरफ्तार कर लिया। अपने प्यार को पाने और प्रॉपर्टी हथियाने के लिए मोनिका ने प्रेमी और उसके दोस्त से वारदात को अंजाम दिलवाया। मोनिका का प्रेमी आशीष (29) और दोस्त विकास फिलहाल फरार हैं। दोनों की लोकेशन उत्तराखंड में मिली है। पुलिस की कई टीमों वहां दबिश दे रही है। पुलिस पूछताछ में मोनिका ने खुलासा किया है कि इस सनसनीखेज हत्या की साजिश उसने दिसंबर 2022 में ही रच ली थी। जब उसके ससुर ने 12 फरवरी को प्रॉपर्टी का सौदा कर दिया तो उसने आशीष से जल्द ही सास-ससुर को रास्ते से हटाने के लिए कहा। इसके लिए वह 20 और 27 फरवरी को आशीष से बाहर मिली। बाद में योजना बनाकर बड़े ही सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया गया, लेकिन



पुलिस ने चंद ही घंटों में इससे पर्दा उठा दिया।
**सात घंटे इंतजार, 57 मिनट में की वारदात:** सात घंटे इंतजार करने के बाद महज 57 मिनट में ही आरोपी आशीष और विकास ने वारदात को अंजाम दे दिया। बुजुर्ग दंपती हत्याकांड को अंजाम देने के लिए आरोपी रविवार को दिन ढलते ही राधेश्याम के घर में दाखिल हो गए थे। करीब 7.00 बजे मोनिका ने घर के पिछले रास्ते से दोनों को अंदर बुला लिया। दोनों काले रंग के बैग में हथियार लेकर घर पहुंचे। वहां से मोनिका इनको सीधे छत पर ले गई। वहां आरोपियों को ठंडा पिलाया और नाश्ता करवाया। बाद में सबके सोने के बाद रात करीब 1.15 बजे आरोपी छत से नीचे राधेश्याम और वीना के कमरे में पहुंचे। 2.12 पर वारदात को अंजाम देकर आरोपी घर से निकल गए। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मोनिका ने दिल्ली विश्वविद्यालय के नामी कॉलेज से ग्रेजुएशन करने के बाद कॉल सेंटर में नौकरी की थी। वहीं उसके पति रवि रतन ने पत्राचार से बीए किया। बाद में उसने एक प्राइवेट कॉलेज से बीएड किया। दोनों की वर्ष 2016 में शादी हुई। लेकिन मोनिका कभी शादी से खुश नहीं थी।
**2020 में हुई थी आशीष से दोस्ती:** कोविड के दौरान मोनिका सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हो गई। कई लड़कों से उसकी दोस्ती हुई। इस दौरान अगस्त 2020 में उसकी दोस्ती आशीष से हुई। दोनों फरवरी 2021 को एक होटल में मिले। इसके बाद लगातार दोनों होटल में मिलते रहे। लेकिन जल्द ही रवि को इसका पता चल गया। उसने व्हाट्सएप चैट के जरिये पत्नी की हरकत पता कर ली। रवि ने पत्नी को स्मार्ट फोन की जगह सादा नंबरों वाला फोन दे दिया। इसके अलावा सास-ससुर ने भी मोनिका को आशीष के साथ देख लिया था। वह मोनिका पर नजर रखते थे। इसके बाद भी मोनिका और आशीष मिलते रहे। यहां तक आशीष ने मोनिका को अपने परिवार से गर्लफ्रेंड बताकर मिलाया था। आपको बता दें कि उत्तर-पूर्वी दिल्ली के गोकुलपुरी स्थित भागीरथी विहार में सोमवार तड़के सेवानिवृत्त उप प्रधानचार्य और उनकी पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। मृतकों की शिनाख्त राधेश्याम वर्मा (72) और वीना देवी (68) के रूप में हुई। दोनों के शव ग्राउंड फ्लोर पर बेडरूम में खून से लथपथ पड़े मिले थे।

### घर में ही परचून की दुकान चलाते थे उप-प्रधानाचार्य

**मूलरूप** से यूपी के कन्नौज, नादेमऊ स्थित गांव कांकरकुंई के रहने वाले राधेश्याम पिछले 38 वर्षों से भागीरथी विहार की गली नंबर-13/6 स्थित मकान नंबर-जी-245 में रह रहे थे। मकान के ग्राउंड फ्लोर पर राधे श्याम खुद रहते थे जबकि पहली मंजिल पर रवि और उसका परिवार रहता है। सेवानिवृत्ति के बाद वे घर में ही परचून की दुकान चलाते थे। राधे श्याम मॉडल बस्ती, करोल बाग स्थित दिल्ली सरकार के स्कूल से उप-प्रधानाचार्य के पद से रिटायर हुए थे।
दंपती का बेटा रवि भी पहले दिल्ली सरकार के स्कूल में अतिथि शिक्षक के रूप में काम कर रहा था।
बाद में उसे हटा दिया गया था। फिलहाल वह जौहरीपुर इलाके में कपड़ों और कॉस्मेटिक की दुकान चला रहा है। रविवार रात करीब 10.30 बजे तक सब कुछ ठीक-ठाक था। रवि बाहर से घर आया था और माता-पिता से मिलकर ऊपर सोने चला गया था। रात में रवि की पत्नी मोनिका ने प्रेमी और उसके दोस्त के साथ सास-ससुर को मार डाला। सुबह करीब 7.00 बजे मोनिका ने शोर मचाया तो रवि मौके पर पहुंचा।

# मेयर व निगमायुक्त ने चौक पर किया पौधारोपण

## महर्षि दयानंद चौक से ट्री-गार्ड में लगेंगे करीब 320 पौधे, अनुमानित 12 लाख रुपए की राशि होगी खर्च

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**महापौर** रेनू बाला गुप्ता और नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बुधवार को पर्यावरण संरक्षण व हरियाली को बढ़ावा देने के मकसद से शहर के सैक्टर-13 स्थित महर्षि दयानंद चौक पर फॉक्सटेल पाम का एक-एक पौधा लगाकर पौधारोपन कार्य की शुरूआत की। इस मौके पर मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, वार्ड 10 के पार्षद वीर विक्रम कुमार तथा वार्ड के मौजिज व्यक्तियों ने भी एक-एक पौधा लगाया। निगमायुक्त ने बताया कि वार्ड 10 के सैक्टर-13 में सैंट्रल वर्ज के सौंदर्यकरण को लेकर महर्षि दयानंद चौक से हरियाणा नर्सिंग होम तक तथा कालडा मार्केट के सामने डिवाईडिंग रोड पर पौधारोपन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दोनो मार्गों पर फॉक्सटेल पाम के करीब 320 पौधे लगाए जाएंगे तथा इनकी सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड भी लगाए जाएंगे। इस कार्य पर अनुमानित 11



लाख 95 हजार रुपए की राशि खर्च की जाएगी और यह कार्य आगामी 15 दिनों में मुकम्मल कर लिया जाएगा। पौधारोपण कार्यक्रम के समय मेयर रेनू बाला गुप्ता ने नागरिकों के नाम संदेश में कहा कि पौधे लगाना एक सरकारी कार्यक्रम तक ही सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि भौतिकवादी युग में जिस तरह से प्रदूषण बढ़ रहा है, इसे देखते अधिक से अधिक पौधे लगाना एक जरूरत हो गई है। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों को भी एक-एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, चाहे घर में लगाएं, घर के आस-पास या फिर पौधरोपण की मुहिम में भाग लेकर, अपने हाथ से पौधा लगाकर पुण्य के भागी बनें। उन्होंने कहा कि जमीन में पौधा लगा देना ही काफी नहीं है, उसकी देखभाल भी जरूरी है। बच्चे, किशोर और बढ़े, सभी लगाए गए पौधों को पालतू समझकर उनकी देखभाल करें तो अच्छा है। हरियाणा सरकार और इसके मुख्यमंत्री मनोहर लाल पौधारोपण को खास महत्व दे रहे हैं। उन्होंने कई कार्यक्रम चलाकर स्कूली बच्चों को भी इससे जोड़ा है। उन्होंने पौधारोपण करने वाले सभी नागरिकों को साधुवाद दिया। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने अपने संदेश में कहा कि आगामी मानसून सीजन में नगर निगम शहर की अलग-अलग साईट पर अच्छी संख्या में पौधारोपण करेगा, इसके लिए कार्यकारी अभियंता बागवानी को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमें फल, छाया, लकड़ी और सबसे महत्वपूर्ण ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। ऑक्सीजन की जरूरत मनुष्य को कोविड के दौर में अच्छी तरह से समझ में आई। उससे भी हम सबको सबक लेना चाहिए और इसके लिए पौधे लगाना सर्वोत्तम है। निगमायुक्त ने एक्सईएन बागवानी को निर्देश दिए कि वह सडकों के डिवाईडरों पर हरियाली रहनी चाहिए, इसके लिए वह रेगूलर साईट विजिट करें और जरूरत वाली जगहों पर पौधे लगाएं। सभी पौधों की समय पर सिंचाई, गुडाई व खाद जैसा रख-रखाव भी किया जाए। शहर के पार्कों का हो रहा बेहतर रख-रखाव- निगमायुक्त ने बताया कि शहर में पार्कों के बेहतर रख-रखाव के लिए टैण्डर लगाकर निजी एजेंसियों को कार्य सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि वार्ड नम्बर 7, 8 व 10 के करीब 66 पार्कों की मेन्टेनेंस कार्य प्रगति पर है, इनके रख-रखाव पर निगम द्वारा सालाना 57 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी। वार्ड 9 के करीब 65 पार्कों की मेन्टेनेंस का कार्य भी प्रगति पर है, जिस पर नगर निगम सालाना अनुमानित 64 लाख रुपए की राशि खर्च करेगा। उन्होंने बताया कि वार्ड नम्बर 11 से 20 के करीब 47 पार्कों की मेन्टेनेन्स के लिए लगाया गया टैण्डर खुल चुका है, इसका तकनीकी मुल्यांकन किया जा रहा है। निगमायुक्त ने एक्सईएन बागवानी को निर्देशित किया कि इन पार्कों की मेन्टेनेन्स का कार्य निजी एजेंसी को अलॉट होने तक, वह अपने मालियों/कर्मचारियों ने इनकी देखरेख करवाएं, ताकि नागरिकों को पार्कों में असुविधा न हो।

# पीएनबी करनाल मंडल ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**पंजाब** नेशनल बैंक करनाल मंडल ने अपने 129वें स्थापना दिवस पर रक्तदान कर समाज को योगदान देने के उद्देश्य से अग्रणी बैंक कार्यालय परिसर एवं शाखा तरावड़ी में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया। पीएनबी के कर्मचारियों ने रक्तदान अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। मंडल प्रमुख जोगिंद्र सिंह ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ दोनों शिविरों का दौरा किया और रक्तदाताओं के साथ बातचीत की।

इसके अलावा मंडल कार्यालय के सभागार में ग्राहक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बैंक के गणमान्य ग्राहक शामिल हुए। इस अवसर पर ग्राहकों को बैंक के प्रमुख डिजिटल, जमा और ऋण उत्पादों के बारे में विस्तार से बताया गया तथा बैंक सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए ग्राहकों के सुझावों पर भी चर्चा की गई।

## वॉल्वो कार इंडिया ने 200वां प्योर इलेक्ट्रिक एक्ससी40 रिचार्ज डिलीवर कर एक और उपलब्धि का जश्न मनाया

**गुरुग्राम।** वॉल्वो कार इंडिया ने आज अपने दो सौवें ऑल इलेक्ट्रिक एक्ससी40 रिचार्ज की डिलीवरी की घोषणा की। वॉल्वो एक्ससी40 रिचार्ज भारत की पहली स्थानीय रूप से असेंबल की गई लग्जरी इलेक्ट्रिक एसयूवी है, जो वोल्वो के बेंगलुरु, कर्नाटक फैसिलिटी में है। पहला एक्ससी40रिचार्ज नवंबर 2022 में डिलीवर किया गया था और इसने अपने शानदार डिजाइन, इनोवेटिव टेक्नोलॉजी और पर्यावरणीय दक्षता के लिए विभिन्न श्रेणियों में कई सम्मान प्राप्त किए हैं। दो सौवें एक्ससी40रिचार्ज की डिलीवरी वास्तव में एक मील का पत्थर है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों के बाद भी हमारे ग्राहकों ने अपनी कारों के लिए धैर्यपूर्वक इंतजार किया, जो वोल्वो ब्रांड में उनके विश्वास को दशार्ता है। यह मील का पत्थर 2030 तक पूरी तरह से इलेक्ट्रिक कंपनी बनने की दिशा में हमारे संकल्प को और मजबूत करता है। 2030 तक, कंपनी केवल शुद्ध इलेक्ट्रिक वाहनों की पेशकश करना चाहती है और हाइब्रिड सहित सभी आंतरिक दहन इंजन वाहनों को चरणबद्ध करना चाहती है। यह कंपनी की विश्वव्यापी जलवायु योजना के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य निरंतर व्यावहारिक कार्रवाई द्वारा प्रति कार कार्बन फुटप्रिंट को कम करना है।

## वी20 फैनफेस्ट चैलेंज में मिलेगा हर दिन एक स्मार्टफोन जीतने का मौका

**गुरुग्राम।** यह साल का वह समय है जब लाखों क्रिकेट प्रेमी टेलीविजन सेट से चिपक कर अपनी पसंददा टी20 चैम्पियनशिप का लुत्फ उठाना चाहते हैं। साथ ही यह वो समय भी है जब क्रिकेट के छक्के-चौकों के बीच भारत का अग्रणी टेलीकॉम ब्राण्ड वी अपने क्रिकेट प्रेमी उपभोक्ताओं के लिए रोचक कॉन्टेस्ट्स और ढेरों उपहार जीतने का मौका लेकर आता है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

# रोडवेज ड्राइवर से आईटीआई के छात्रों ने की मारपीट

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**करनाल** में पुराने बस स्टैंड पर रोडवेज बस ड्राइवर पर आईटीआई के छात्रों द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। चालक ने दरवाजे पर लटकने से मना किया था। वहीं मौके पर दो छात्रों को पकडकर पुलिस के हवाले कर दिया गया। मंगलवार को आईटीआई के कुछ छात्र करनाल से डांड रोड जाने वाली बस की खिडकी पर लटके हुए थे। जिसके चलते बस के ड्राइवर मेहर सिंह ने उन्हें चढने से मना किया और छात्र के गांव सीतामाई में भी सरपंच को उसकी शिकायत की थी, जिसको लेकर आज छात्रों ने ड्राइवर के साथ मारपीट कर उसकी वर्दी फाड़ दी।बुधवार दोपहर



को जब बस का ड्राइवर बस को करनाल डांड काउंटर पर लगाने के लिए जा रहा था। जैसे ही उसने बस की खिडकी खोली तो पीछे से 10 से 15 छात्रों ने उस पर हमला कर दिया। हमला होते देख अन्य बसों के चालक व परिचालक मौके पर पहुंचे तो सभी छात्र मौके से फरार हो गए।

# सूर्य नमस्कार सर्वांगीण विकास में सहायक: दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मेरा** मिशन स्वस्थ भारत तथा आयुष विभाग करनाल के संयुक्त तत्वाधान में चलाए जा रहे सवा लाख सूर्य नमस्कार अभियान के अंतर्गत सेक्टर 13 ग्रीन बेल्ट में सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया गया। मिशन के संचालक दिनेश गुलाटी ने बताया कि जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉक्टर सतपाल के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे इस अभियान में हजारों लोग जुड़ कर हिस्सा ले रहे हैं। सेक्टर 13 कक्षा में आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ तथा नोडल अधिकारी डॉ. अमित पुंज और दिनेश गुलाटी ने मौजूद साधनों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया और बताया कि सूर्य नमस्कार



हमारे सर्वांगीण विकास में सहायक है। सूर्य नमस्कार शरीर के सभी अंगों के लिए बहुत लाभकारी है। सिर से लेकर पैर तक शरीर के सभी अंगों को लाभान्वित करता है। इसी कारण सूर्य नमस्कार सभी वयायमों में सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार के अभ्यास से शरीर, मन और आत्मा सफल होते हैं। पृथ्वी पर सूर्य के बिना जीवन संभव नहीं है। सूर्य नमस्कार करने से शरीर को राहत मिलती है। इसकी वजह से हमें नींद अच्छी आती हैद्ध यदि प्रतिदिन सूर्य नमस्कार का अभ्यास करें तो अनिद्रा की समस्या बहुत हद तक दूर हो सकती है और कब्ज की शिकायत भी सूर्य नमस्कार के द्वारा काफी हद तक दूर की जा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को कम से कम 12 बार प्रतिदिन अभ्यास अवश्य करना चाहिए।

# एचडीएफसी बैंक ने एक्सपोर्ट इम्पोर्ट बैंक ऑफ कोरिया के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला/:**
**भारत** के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने एक्सपोर्ट इम्पोर्ट बैंक ऑफ कोरिया के साथ 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर की क्रेडिट लाइन के लिए एक मास्टर इंटर बैंक क्रेडिट समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते पर GIFT सिटी, गुजरात में हस्ताक्षर किए गए थे। इससे एचडीएफसी बैंक को विदेशी मुद्रा कोष जुटाने में मदद मिलेगी जिसका विस्तार वह कोरिया से संबंधित व्यवसायों तक करेगा। अरूप रक्षित, ग्रुप हेड, ट्रेजरी, सेल्स एनालिटिक्स एंड ओवरसीज बिजनेस, एचडीएफसी बैंक ने कहा "कोरियाई एक्जिमबैंक के साथ हमारा समझौता भारत और कोरिया के बीच व्यापार और निवेश प्रवाह को और मजबूत करेगा और समर्थन करेगा जो संभावित रूप से देश में अधिक नौकरियां पैदा कर सकता है। हम इस समझौते के तहत सौदों को आगे बढ़ाएंगे और कार्यक्रम का विस्तार करने पर विचार कर सकते हैं।" इस लाइन ऑफ क्रेडिट का उपयोग एचडीएफसी बैंक द्वारा फंडिंग आवश्यकताओं के लिए किया जाएगा 1. कोरियाई कंपनियों द्वारा इक्विटी भागीदारी वाली कंपनियां, 2. कोरियाई कंपनियों के साथ व्यापारिक संबंध रखने वाली कंपनियां, 3. उपभोक्ता कोरिया से संबंधित कंपनियों द्वारा निर्मित कारों की खरीद के लिए समझौते से कोरियाई संस्थाओं और उत्पादों के साथ बैंक के व्यवसाय को बढ़ावा देने और बढ़ाने की संभावना है। कार्यक्रम के तहत पहला ड्रॉडाउन मई तक होगा। हस्ताक्षर समारोह में एक्सपोर्ट इम्पोर्ट बैंक ऑफ कोरिया की टीम चौन-जे ली, महानिदेशक, इंटरबैंक वित्त विभाग के प्रमुख। ने भाग लिया।

# मंड़ी में उठान ना होने पर लगाएं जा रहे गेहूं की बोरियों के ढेर

**पानीपत: अनाज मंडी** सनौली-बापौली में गेहू की बोरियों का उठान धीमा होने से मंडी में जगह की कमी के चलते आढतीयों को गेहू की बोरियों के ढेर लगाने पड़ रहे हैं । अनाज मंड़ी में लगे बोरियों के ढेरो से मंड़ी की गोदाम जैसी हालत हो गए हैं । पिछले एक सप्ताह से अनाज मंड़ी में गेहूं की आवक अधिक होने से मंड़ी में गेहू की बोरियों की लिफिटंग नही हो रही हैं। सनौली-बापौली मंडी में खरीद तो चल रही है मगर गेहू खरीद एजेंसी द्वारा उठान बहुत धीमी गति से किया जा रहा हैं। मंडी में दो लाख से अधिक कटटे लगे हुए है।

# कनाडा के प्रतिनिधिमंडल ने किया करनाल का दौरा



**करनाल/राजकुमार प्रिंस**
**कनाडा के 5** सदस्यीय उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को करनाल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम गांव बुटाणा में स्थित सुल्तान मछली फॉर्म का दौरा किया। इसके बाद गांव सुल्तानपुर के पंचायत भवन में पंचायती राज व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने गांव सुल्तानपुर की आंगनवाड़ी का भी दौरा किया। जिला प्रशासन की तरफ से अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने अगुवाई की और कनाडा के प्रतिनिधिमंडल को हरियाणवी कल्चर से रूबरू करवाया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने हरियाणा पहुंचकर खुशी जाहिर की और कहा कि हरियाणा और कनाडा के रिश्ते और बेहतर होंगे।

कनाडा के प्रतिनिधिमंडल में विधानसभा के अध्यक्ष रैंडी वीक्स, विधानसभा की क्लर्क आइरिस लैंग, विधानसभा के सदस्य वारेन केडिंग, विधानसभा के सदस्य नथानिएल टीड, व्यापार और निर्यात विकास मंत्रालय में अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के निदेशक स्कॉट हंटर शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने सर्वप्रथम गांव बुटाणा में सुल्तान मछली फॉर्म का दौरा किया। यहां पर सुल्तान सिंह द्वारा अत्याधुनिक तकनीक द्वारा किए जा रहे मछलीपालन को देखा व तकनीक को समझा। उन्होंने मछली की अलग-अलग प्रजातियों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान मछलीपालक सुल्तान सिंह ने मछली की ब्रिडिंग की प्रक्रिया को बताया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने भी मछलीपालन के व्यवसाय की संभावनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मछली फॉर्म का दौर करके बड़ी खुशी जाहिर की।

**गांव सुल्तानपुर में जानी पंचायती राज प्रणाली**: कनाडा के प्रतिनिधिमंडल ने गांव सुल्तानपुर का भी दौरा किया। यहां पर गांव के पंचायत भवन में बैठक सरपंच व दूसरे पंचायत सदस्यों से मुलाकात की। उन्होंने गांव के लोगों से भी बातचीत की। कनाडा के प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा की पंचायती राज प्रणाली समझने में काफी उत्सुकता दिखाई। एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा ने हरियाणा उन्हें पंचायती राज व्यवस्था के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि किस तरह सरपंच गांव में व्यवस्था चलाता है। पंच, ग्राम सचिव, बीडीपीओ और डीडीपीओ क्या-क्या भूमिका निभाते हैं। प्रतिनिधिमंडल ने गांवों में पंचायत चुनाव के बारे में भी जाना।

# पिकअप की टक्कर से व्यक्ति की मौत, टोल प्लाजा पर हुआ हादसा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिले के** प्योंत टोल प्लाजा पर एक पिकअप गाड़ी चालक ने व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में लाया गया, जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक की पहचान निसिंग निवासी जसबीर 39 वर्ष के रूप में हुई है। वह प्यौंत टोल पर गाडि?ों में फास्ट टैग लगाने का काम करता था। मंगलवार शाम करीब 7 बजे भी वह वहीं पर बैठा हुआ था। इस दौरान नशे में धुत ड्राइवर



पिकअप गाड़ी को तेज रफ्तार से चलाते हुए आया और सीधे जसबीर को टक्कर को टक्कर मार दी, जिसमें जसबीर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया, जहां पर देर रात को उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि जसबीर के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। मंगलवार को उसके छोटे बेटे का जन्मदिन था, जिसको लेकर घर पर जन्मदिन को लेकर पूरी तैयारियां चल रही थी और बार-बार घर से बेटा अपने पिता को घर आने के लिए बोल रहा था। लेकिन उसके क्या पता था अब वह घर जा ही नहीं पाएगा।

निसिंग थाना के प्रभारी अजायब सिंह ने बताया कि पुलिस ने गाड़ी को अपने कब्जे में ले लिया है।

वहीं ड्राइवर को हिरासत में लिया गया है। परिजनों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# मॉडल प्रॉसिक्यूशन काउंसल स्कीम के तहत कोर कमेटी की हुई बैठक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्य** न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव जसबीर की अध्यक्षता में बुधवार को मॉडल प्रॉसिक्यूशन काउंसल स्कीम के तहत गठित कोर कमेटी की त्रैमासिक बैठक हुई। बैठक में उप पुलिस अधीक्षक गौरव फोगाट, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष उमेश चानना, जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुश्री रीना कादियान, पैनल अधिवक्ता अंशुल चौधरी व डॉ. मीनाक्षी गुप्ता मौजूद रहे।

मॉडल प्रॉसिक्यूशन काउंसल स्कीम के तहत लापता बच्चों के लिए योजना पर चर्चा करने के लिए 2022 की रिट याचिका सिविल संख्या 427-बचपन बचाओ आंदोलन बनाम भारत संघ और अन्य के संदर्भ में संशोधित आदर्श अभियोजन परामर्श योजना को लागू करने के संबंध में आयोजित किया गया था। पुलिस अधीक्षकए करनाल द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2023 के जनवरी से मार्च के क्वार्टर में के दौरान माह मार्च 2023 तक गुमशुदा बच्चों के 38 प्रकरण दर्ज किये गये थे, जिनमें से 14 प्रकरण बरामद किये गये तथा 3 प्रकरण एंटी ह्यूमन को हस्तांतरित किये गये।

इस बात पर चर्चा हुई की सभी एसएचओ-पुलिस थानों के प्रभारी को निर्देशित किया जाना चाहिए।

# गांव शामगढ में 8वें रत्नावली सांग महोत्सव का हुआ शानदार आगाज

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**गुरु नानक** खालसा कॉलेज की ओर से गांव शामगढ में 8वां रत्नावली सांग महोत्सव का शानदार आयोजन किया गया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के सौजन्य से आयोजित सांग महोत्सव अगले चार दिनों तक चलेगा। इस दौरान एसडी कॉलेज पानीपत के विद्यार्थियों ने सांग गोपीचंद की सुंदर प्रस्तुति दी। युवा सांस्कृतिक विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के निदेशक एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वान एवं रंगकर्मी डा. महासिंह पूनिया मुख्य अतिथि रहे, जबकि गांव की सरपंच सरदारनी गुल कौर विशिष्ट अतिथि रही।



सरपंच सरदारनी गुल कौर एवं डा. महासिंह पूनिया ने रिबन काटकर सांग महोत्सव का शुभारंभ किया। डा. महासिंह ने कहा कि यह महोत्सव हरियाणवीं कला एवं संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की अनूठी एवं सांस्कृतिक पहल है। गुल कौर ने खालसा कॉलेज एवं एमएसडी पब्लिक स्कूल का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस सुंदर आयोजन के लिए हमारे गांव को चुना। उन्होंने इस समारोह के लिए हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।

कॉलेज के प्राचार्य डा. गुरिंद्र सिंह ने सभी का स्वागत किया और कहा कि कॉलेज शिक्षा के साथ साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भरपूर उपलब्धियां प्राप्त कर रहा है। सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रभारी डा. बीर सिंह ने मंच का संचालन किया, जबकि डा. देवी भूषण ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर डा. कृष्ण राम, प्रो. मनीष, देवी चरण शर्मा, जय कुमार शर्मा, मंच नरेश शर्मा, मुकेश चौधरी, विनित त्यागी, प्रमोद सैनी व भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस ने इस आयोजन के लिए बधाई दी।

## कार्यक्रम का आयोजन बालाजी खाटू श्याम सेवा समिति ने किया, बहुताय की संख्या में लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

# हनुमान जन्मोत्सवः आजादपुर में भंडारे का आयोजन







पवन शर्मा, विधायक, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्रः आज बालाजी खाटू श्याम सेवा समिति के द्वारा बड़े ही भव्य रूप में हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारे का आयोजन किया गया है। मैं इसके लिए टीम को बधाई देता हूं।



**डॉ. प्रदीप अग्रवाल, चेयरमैन, पैरामेंडिकल बोर्ड दिल्ली सरकारः** मैं बालाजी खाटू श्याम सेवा समिति के कार्यों की सराहना करता हूं। ऐसे धार्मिकता भरे आयोजन सभी को करने चाहिए।



**रवि भारद्वाज, मुख्य संपादक एक्शन इंडिया दैनिकः** आज हनुमान जन्मोत्सव पर द्वितीय विशाल भंडारे का आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने किया है। मैं इसके लिए उन्हें बधाई देता हूं।



**मोहन गर्ग, चेयरमैन आदर्श रसोईः** हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारा व पूजा का आयोजन जो समिति के द्वारा बड़े ही भव्य रूप में किया गया है। ऐसे कार्य सभी को अपने-अपने क्षेत्र में करने चाहिए।



**संजीव खत्री, प्रधान, बालाजी खाटू श्याम सेवा समितिः** मैं कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने अपना कीमती समय निकाला और कार्यक्रम में शामिल हुए।





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के आजादपुर मंडी में बालाजी खाटू श्याम सेवा समिति ने हनुमान जन्मोत्सव पर द्वितीय विशाल भंडारे का आयोजन किया। इस मौके पर हवन व पूजन कर और हनुमान जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

**हनुमान जन्मोत्सव केककाट कर मनाया गयाः** कार्यक्रम के दौरान भक्तों ने प्रभु हनुमान जी का जन्मोत्सव केककाट कर मनाया गया।

**हवन का आयोजनः** कार्यक्रम की शुरूआत हवन व पूजा से की गई। इस दौरान ब्राह्मणों ने मंत्रोंचारण किया और प्रभु के भजन भी गाये गये।

**भंडारे का आयोजनः** भंडारे में बहुताय की संख्या में लोगों ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया।

**ये रहे अतिथिः** कार्यक्रम में आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन शर्मा, प्रधानजी जीटीए राजेश कुमार, पैरामेडिकल बोर्ड दिल्ली सरकार के चेयरमैन डॉ. प्रदीप अग्रवाल, एक्शन इंडिया दैनिक के समूह सम्पादक रवि भारद्वाज, आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग मौजूद रहे।

**अतिथियों का प्रतीक चिन्ह देकर किया गया स्वागतः** कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का समिति के पदाधिकारियों ने स्वागत किया और श्रीबालाजी का स्वरूप देकर सभी का सम्मान किया गया।

**अतिथियों ने कार्यक्रम को सराहाः** कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों ने समिति के कार्यों की सराहना की और कहा कि सभी को अधिक से अधिक संख्या में इस प्रकार के कार्यक्रम करने चाहिए। इससे धार्मिकता का संचार होता है।

**ये लोग रहे मौजूदः** समिति के प्रधान संजीव खत्री, उपप्रधान भारत भूषण खनेजा, सचिव राजेश, कोषाध्यक्ष मनोज, समिति के उपकोषाध्यक्ष रंजीत सिंह, उपसचिव राज बहादुर, राजेश सिसोदिया उपसचिव, राहुल शर्मा उपसचिव, कुंवरपाल उपसचिव, हन्नी सिंह उपसचिव, बंटी उपसचिव, अमर सिंह उपसचिव, राधेश्याम उपसचिव, दीपक भारद्वाज उपसचिव, महावीर उपसचिव, मदनलाल उपसचिव, जगदीश मेहता उपसचिव, मनोज उपसचिव, जितेन्द्र, राजू, अंकित, शिवलाल, कुंवरपाल, नाजिम, संदीप कुमार, मान सिंह, प्रेम, रामू कुमार मौजूद रहे।

### विशाल भंडारे का आयोजन....

= मैं कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने अपना कीमती समय निकाला और कार्यक्रम में शामिल हुएः संजीव खत्री प्रधान

= कार्यक्रम में आये हुए लोगों ने समिति के कार्यों की सराहना की।















संगम पार्क में आयोजित जागरण में सम्मानित होते हुए निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्याथी, प्रेम कुमार विद्यार्थी व अन्य।

## जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना के लाभार्थी छात्रों को जल्द मिलेगी सहायताः आनंद

**तीरथ राज/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सरकार द्वारा संचालित जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना के लाभार्थी छात्रों को जल्दी ही आर्थिक सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश व एससी/एसटी कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद के प्रयासों से इस योजना के अंतर्गत आने वाले सभी छात्रों को दिल्ली सरकार की ओर से छात्रवृत्ती के रूप में आर्थिक सहायता दी जाएगी। इस दिशा में कार्य करते हुए एससी/एसटी कल्याण मंत्रालय की ओर से सभी कोचिंग संस्थानों का जल्द ही भुगतान किया जाएगा ताकि इस योजना के लाभार्थी छात्रों को



इसका पूरा लाभ मिल सके। योजना का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित करने की दिशा में उठाए जा रहे। इस कदम की जानकारी मिलने पर बुधवार को कोचिंग संस्थानों के संचालक एससी/एसटी कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद को आभार प्रकट करने पहुंचे। इस दौरान एससी/एसटी कल्याण मंत्री ने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और पैनल में शामिल कोचिंग संस्थानों के संचालको के साथ बैठक कर इस योजना में शामिल छात्रों के लिए सुविधाएं बढ़ाकर बेहतर परिणाम लाने के विषय पर चर्चा की। उल्लेखनीय है कि जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना की शुरूआत दिल्ली सरकार द्वारा राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को सरकार की तरफ से सिविल सर्विस परीक्षा, इंजीनियरिंग, मेडिकल और ज्यूडिशियरी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निः शुल्क कोचिंग की सुविधा प्रदान करती है। जिससे छात्रों को इन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए प्रोत्साहन मिल सके। इस योजना के तहत दिल्ली सरकार छात्रों की कोचिंग की फीस के अतिरिक्त स्टाइपेंड के रूप में भी आर्थिक सहायता करती है।

# आजादपुर सेवा बस्तीः सामाजिक विषमता का पाटन भाजपा का लक्ष्यः अविनाश सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** जनता पार्टी की स्थापना दिवस के अवसर पर चल रहे सामाजिक न्याय सप्ताह के अंतर्गत भाजपा पूर्वांचल मोर्चा जिला केशवपुरम के द्वारा मुफ्त स्वास्थ्य शिविर "स्वास्थ्य प्रथम अभियान... संकल्प से समाधान की ओर" का आयोजन आजादपुर सेवा बस्ती में भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के अध्यक्ष अविनाश सिंह की अध्यक्षता में किया गया। ज्ञात हो कि भारतीय जनता पार्टी इस मौके पर सेवा सप्ताह का आयोजन करती आ रही। प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक गोयल देवराह एवं पूर्वांचल मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कौशल मिश्रा के साथ जिले की अनेकों कार्यकर्ता की मौजूद रहे। जिला मोर्चा उपाध्यक्ष एवं किमहंस फाउंडेशन के संस्थापक जाने-माने मनोचिकित्सक डॉक्टर नृपेंद्र कुमार की संयोजन में हुआ। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार देवराहा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हर वर्ष अपने स्थापना दिवस से लेकर के भीमराव अंबेडकर जी की जयंती तक सेवा सप्ताह का आयोजन करती रही है। इस वर्ष देश के प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के आवाहन पर सामाजिक न्याय सप्ताह मना रही है। 8 दिन का ब्यौरा देते हुए कहा कि पूर्वांचल मोर्चा की जिम्मेदारी सेवा बस्तियों में स्वास्थ्य कैंप लगाने की है। इसमें जिला केशवपुरम अपनी क्षमता से बढ़कर लोगों की सेवा कर रही है यह उनके लिए प्रशंसा की बात है। पूर्वांचल मोर्चा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष कौशल मिश्रा ने कहा की संगठन जो जिम्मेदारी मोर्चा को देती है मोर्चा तत्परता के साथ दिए गए कार्यों को अंजाम देने में हमेशा अव्वल रही है।



आज 14 जिलों में स्वास्थ्य कैंप लगाया जा रहा है एवं स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिला केशवपुरम की ओर से अनेकों स्वास्थ्य कैंपेन में आया हूं जिस प्रकार से पूरी टीम सेवा बस्तियों में रहने वाले लोगों की देखभाल करती है यह हमारे लिए एवं जिला केशवपुरम के लिए गर्व की बात है जिला अध्यक्ष अविनाश सिंह की अध्यक्षता में जो भी कार्यक्रम बनाया जाता है उसकी रूपरेखा एवं व्यवस्था संगठन के मानकों पर खरा उतरता है आज यहां के लोगों की सेवा करके हम प्रफुल्लित है। पूर्वांचल मोर्चा जिला अध्यक्ष अविनाश सिंह ने कहा कि संगठन का आदेश उनके लिए सर्वोपरि है संगठन जो भी जिम्मेदारी देती है उसे सहर्ष स्वीकार कर रचनात्मक ढंग से कार्य करने की कोशिश करते हैं। आज का यह कार्यक्रम हमारे लिए मन के अनुरूप रहा क्योंकि सभी को ज्ञात है की पूर्वांचल मोर्चा की टीम डॉक्टर नृपेंद्र की अगुवाई में प्रत्येक महीने की अंतिम रविवार को हेल्थ कैंप का आयोजन जिले के किसी न किसी भाग में करती रही है। हमारे दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष कौशल मिश्रा एवं जिला अध्यक्ष राजकुमार भाटिया का मार्गदर्शन समय-समय पर मिलते रहता है, जिसके कारण हम लोगों की सेवा कर पाते हैं। आज की यह स्वास्थ्य शिविर डॉक्टर नृपेंद्र कुमार की संयोजन में सोलहवां कैंप है और आने वाले दिनों में शिविर की श्रृंखला लंबी होने वाली है क्योंकि दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई हुई है और हम अपनी टीम के साथ मिलकर चरमराई हुई व्यवस्था को सुधार करने में योगदान दे रहे हैं। जरूरतमंदों की सहायता करना हमारी टीम का लक्ष्य है। इस कैंप में डॉक्टर नवीन चौधरी ,डॉ रविंद्र कुमार, डॉक्टर आलोक आदि के साथ-साथ पैरामेडिकल की एवं फार्मा कंपनी की टीम का अमूल्य योगदान रहता है। शिविर का संयोजक डॉ नृपेंद्र कुमार ने विस्तृत जानकारी देते हुए कहा की कैफे में 500 की संख्या में जरूरतमंदों को परामर्श दिया गया है। एवं मुफ्त दवाई भी उपलब्ध कराई गई। एवं 300 की संख्या में लोगों ने बीपी शुगर एवं न्यूरो की जांच करवाया।



आम आदमी पार्टी द्वारा आयोजित प्रदर्शन के दौरान बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव, जहांगीरपुरी वार्ड की निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा, रमेश शर्मा व अन्य।

## गृहमंत्री व एलजी को पूर्व स्थाई समिति के उपाध्यक्ष विजेन्द्र यादव ने लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पूर्व** मनोनीत निगम पार्षद और पूर्व स्थाई समिति के उपाध्यक्ष विजेंद्र यादव ने बताया कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकपाल का गठन किया है। लोकपाल अदालत को मिली शिकायत, जिसमें दिल्ली नगर निगम के कुछ भ्रष्ट अधिकारी के बारे में बताया गया था। लोकपाल अदालत ने उसे संज्ञान में लेते हुए नगर निगम के भ्रष्ट अधिकारियों के विरुद्ध सीबीआई को जांच करने के आदेश दिए। लेकिन सीबीआई की जांच से बचने के लिए निगम के अधिकारियों ने कोर्ट की शरण ली और न्यायालय ने सीबीआई के जांच पर अगले आदेश तक रोक लगा दिया।

पूर्व मनोनीत निगम पार्षद और पूर्व विजेंद्र यादव न्यायालय के इस आदेश से आहत हैं, और उन्हें लगता है कि इससे भ्रष्ट अधिकारियों का मनोबल बढ़ेगा। श्रीयादव ने इस आदेश को पुनः लागू करवाने के लिए गृह मंत्री अमित शाह व एलजी और संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखा है।




आम आदमी पार्टी मुख्यालय पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित विशाल धरना प्रदर्शन के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार भाटिया, जीवन लाल, सुनील यादव, रचना वशिष्ठ, अजय खटाना व अन्य।

# 14 अप्रैल की तैयारियों में जुटे मेयर निखिल मदान

## बाबा साहब की जयंती पर होने वाली रैली होगी ऐतिहासिक: मेयर निखिल



**8 मेयर ने वार्ड 18 में निगम पार्षदों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रैली की तैयारियों को अंतिम रूप दिया**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**कांग्रेस पार्टी** द्वारा बाबा भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर 14 अप्रैल शुक्रवार को सोनीपत के सेक्टर 23 में रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसी के मध्येनजर मेयर निखिल मदान ने बुधवार को लाइन पार क्षेत्र के विभिन्न वार्डों का दौरा किया। मेयर निखिल मदान ने वार्ड 18 में निगम पार्षदों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रैली की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। इसके उपरांत उन्होंने राम नगर ,ब्रह्मा कालोनी ,कालूपुर,सेक्टर 23 ,विशाल नगर सहित विभिन्न कालोनियों में पहुंचकर लोगों को रैली का न्यौता दिया।
मेयर निखिल मदान ने कहा कि हरियाणा में पहली बार बाबा भीमराव अम्बेडकर साहब की जयंती को इतने बड़े स्तर पर मनाया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी ने सदैव बाबा साहेब की नीतियों का अनुशरण किया है। बाबा साहेब ने देश के शोषित और वंचित वर्ग को संविधान का ऐसा तोहफा दिया है जिसके कारण आज हर व्यक्ति समानता और सम्मान के साथ जीवन यापन कर रहा है। कांग्रेस पार्टी 36 बिरादरी की पार्टी है और सर्व समाज को साथ लेकर चलती है।
इस मौके पर निगम पार्षद सुरेंद्र नैय्यर,पार्षद मोनिका एडवोकेट,पार्षद नवीन तंवर,जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ,परवीन सैनी,अनिल नागर,महिला जिला ग्रामीण प्रधान नीलम बाल्यान ,सुरेश योगी,भले राम जांगड़ा ,ईश्वर इंदौरा ,संजय खत्री,पूर्व पार्षद बिन्नी भारद्वाज, डाक्टर राकेश, फकीर चंद, शुभम गर्ग ,दिनेश हुड्डा ,हरेंद्र राठी,संदीप मलिक,रोहित हुड्डा,अशोक खत्री,आशीष दहिया ,राजेश मलिक , राहुल शर्मा,बिट्टू खत्री,मुकेश राणा ,शंकर यादव,बिट्टू पंघाल ,कृष्णा चावला,हामिद,बिजेंद्र देशवाल,सतपाल भौरिया,डॉक्टर जितेंद्र, प्रवीण सहित भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पानीपत किसान भवन के प्रधान पद को लेकर दो पक्षों में टला टकराव

## किसानों की 51 सदस्यीय जिला कमेटी डीसी व एसपी से मिलेगी आज, किसान भवन के संचालन को लेकर हुई 51 सदस्यीय जिला कमेटी की बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत किसान** भवन के सुचारू रूप से संचालन को लेकर बुधवार को किसान भवन के सभागार में 51 सदस्यीय जिला कमेटी की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता मांगे राम घनघस बांध ने की। बैठक में नवनियुक्त जिला प्रधान टिंकू देशवाल कुराड़, उपप्रधान सुरजभान व सचिव नदीम गुर्जर सहित जिला कमेटी के ज्यादातर सदस्यों ने भाग लिया। वहीं सोनू मालपुरिया प्रधान ने भी अपने समर्थकों के साथ अलग से बैठक की और सोनू मालपुरिया ने कहा कि उनका कायार्काल 4 अगस्त को समाप्त होना है और जब तक वहीं किसान भवन के प्रधान है। जिला कमेटी की बैठक के बाद नवनियुक्त जिला प्रधान टिंकू देशवाल सीढि?ें से नीचे उतर रहे थे तो आरोप है कि कुछ लोगों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। जिससे टिंकू देशवाल और सोनू मालपुरिया के समर्थकों के बीच आपस में टकराव के हालात बन गये। लेकिन पूर्व प्रधान कुलदीप बलाना व सुरेश दहिया आदि ने किसी तरह से मामला शांत किया। उन्होंने कहा कि सभी किसान आपसी भाईचारे से ही मामले को निपटा सकते है। दोनो पक्षों की आपसी कहासुनी के उपरांत जिला कमेटी की दोबारा से बैठक हुए और फैसला लिया कि 13 अप्रैल को जिला कमेटी डीसी व एसपी से मिलकी सारी स्थिती से अवगत करवायेगी। बैठक के बाद नवनियुक्त प्रधान टिंकू देशवाल ने माडल टाउन थाना पुलिस को शिकायत दी है। बता दे कि इसी 9 अप्रैल को पानीपत किसान भवन में जिलाभर के किसानों की महापंचायत हुई थी, जिसमें किसानों भवन की देखरेख को लेकर 51 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया और बापौली व सनौली ब्लाक के किसानों ने टिंकू देशवाल को प्रधान चुना था। लेकिन सोनू मालपुरिया अभी भी अपने आप को किसान भवन का प्रधान बता रहे है और उनका कहना है कि उनको समालखा ब्लाक के किसानों ने दो वर्ष के लिए प्रधान चुना था, जोकि 4 अगस्त को पूरा होगा। बैठक में पंचगामा के प्रधान राजकुमार मलिक, पूर्व प्रधान जयकरण कादियान,कुलदीप बलाना, चूहड़ सिंह रावल व सुखबीर आटा, पूर्व उपप्रधान बिंटू मलिक उग्राखेड़ी, पूर्व ब्लाक प्रधान तेजपाल ऊझा,रिशीपाल नांदल, सुधीर जाखड़, हरींद्र राणा, सुनील दत्त, जयपाल कुराना, सुरेंद्र मलिक, जगबीर नेता आदि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### संकट मोचन हनुमान मंदिर के पदाधिकारियों ने समाजसेवियों का किया स्वागत

**समालखाः संकट** मोचन हनुमान मंदिर कृष्णा कॉलोनी में श्री हनुमान जन्मोत्सव के सफलता पूर्ण कार्यक्रम संपन्न होने पर मंदिर के प्रधान व पूर्व पार्षद श्यामसुंदर बरेजा व समाजसेवी दीपक चोपड़ा का मंदिर के पदाधिकारियों ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया । इस मौके पर श्यामसुंदर बरेजा ने मंदिर के पदाधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कहा की मेरे लायक आप जो भी सेवा लगाओगे मैं 24 घंटे हाजिर रहूंगा ' समाजसेवी दीपक चोपड़ा ने मंदिर के सभी पदाधिकारियों का धन्यवाद किया । इस मौके पर मास्टर रामकिशन नारंग, पूर्व पार्षद श्यामसुंदर बरेजा समाजसेवी दीपक चोपड़ा ,लविश कुमार, तरुण नंदवानी, कमल नागपाल, योगेश नारंग ,संजय, तिलक रमां, रमेश छाबड़ा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे ।

### गीता आश्रम गेट के सामने पानी भरा होने से हो रही है दुर्घटनाएं

**समालखाः जीटी** रोड स्थित श्री गीता वृद्ध आश्रम के पंडित पूणानंद व श्रद्धालुओं ने बताया की आश्रम के गेट के सामने सर्विसमैन पर गंदा पानी पिछले काफी दिनों से भरा हुआ है ' जिसकी अभी तक किसी ने भी कोई सुध नहीं ली है, सर्विस लेन पर आने जाने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार तो टू व्हीलर वाले पानी में गिर कर चोटिल भी हो चुके हैं । कितनी बार दुर्घटनाएं हो चुकी है आश्रम में रहने वाले लोगों ने प्रशासन से गुहार लगाई की पानी निकासी की समस्या का जल्द से जल्द समाधान करवाया जाए

### 2 एकड़ में की जा रही चार दीवारी, प्रोपर्टी डीलर ऑफिस तथा डीपीसी को किया ध्वस्त।

**टीम एक्शन इंडिया/खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
सोनीपत, जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) ललित बजाड़ ने कहा कि जिला में विकसित हो रही अवैध कालोनियों तथा अवैध निर्माण को शुरूआत में ही ध्वस्त करने के लिए प्रशासन द्वारा अभियान चलाया गया है। जिसके तहत बुधवार को खरखौदा तहसील क्षेत्र के गांव फिरोजपुर बांगर की राजस्व संपदा में हलालपुर रोड़ पर 2 एकड़ में की जा रही चार दीवारी, प्रोपर्टी डीलर ऑफिस तथा डीपीसी को ध्वस्त किया गया। जिला नगर योजनाकार ने आमजनता से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में भूमाफियाओं के बहकावे में आकर प्लॉट ना खरीदें व अपनी मेहनत की कमाई को बर्बाद ना होने दें क्योंकि अवैध कालोनी में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती। इसके अलावा प्लॉट लेने से पहले यह जरूर जांच ले कि कॉलोनी निर्माण करने के लिए सरकार द्वारा अनुमति ली गई है या नहीं। जिला नगर योजनाकार ने बताया कि जिला में किसी भी अवैध कालोनी का निर्माण नहीं करने दिया जाएगा। विभाग द्वारा जिला के सभी क्षेत्रों में नजर रखी जा रही है अगर कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की अवैध कालोनी विकसित करता है तो उसके खिलाफ शहरी क्षेत्र व नियंत्रित क्षेत्र अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में किसी भी जानकारी के लिए सेक्टर-15 स्थित एचएसवीपी कॉम्पलैक्स के प्रथम तल स्थित जिला नगर योजनाकार कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। तोडफोड कार्यवाही के दौरान सहायक नगर योजनाकार अनिल सहित फील्ड स्टॉफ सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

### उपाध्यक्ष अंजना पंवार 13 अप्रैल को बीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में लेंगी अधिकारियों की बैठक

**सोनीपतः** उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्ष अंजना पंवार 13 अप्रैल को सोनीपत पहुंचेंगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान वे प्रातः 10:30 बजे रेलवे रोड़ स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में सफाई कर्मचारियों तथा आश्रितों के सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक जीवन को अध्ययन करने तथा इनके पुनर्वास के लिए स्वरोजगार योजना की समीक्षा हेतु अधिकारियों की बैठक लेंगी।

# पानीपत डिपो होल्डर्स एसोसिएशन ने किया डीएफएससी आदित्य कौशिक का स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**जिला** खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी आदित्य कौशिक ने बुधवार को पानीपत में अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। वहीं पानीपत डिपो होल्डर एसोसिएशन के प्रधान कन्हैया सिवाह के नेतृत्व में डिपो धारकों ने डीएफएससी आदित्य कौशिक का पानीपत में पहुंचने पर फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। वहीं जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी आदित्य कौशिक ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि उनका पूरा प्रयास रहेगा की जिला वासियों को अपने विभाग से संबंधित कोई परेशानी ना हो। वह विभाग के सभी कामों को गंभीरता से लेते हुए तत्परता से कराया जाएगा। वहीं उनका स्वागत करने पहुंचे डिपो धारकों को भी उन्होंने कहा कि वह जनता का पूरा ख्याल रखें। जिला वासियों को समय पर तथा पूरा राशन वितरित करें, इसमें लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर पानीपत डिपो होल्डर एसोसिएशन के जिला प्रधान कन्हैया सिवाह, उपप्रधान सत्यवान व नवाब शर्मा, जसबीर मलिक, प्रवीण शर्मा ,संदीप कुमार, वरुण कुमार, बृजेश कौशिक व बलवीर वर्मा आदि मौजूद रहे।

# महाराणा सांगा की जयंती मनाई



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/**
**दीपक** चौहानं हरियाणा प्रदेश महामंत्री करनी सेना ने बताया के वीर शिरोमणि महाराणा सांगा की जयंती पर मनोली चौक पर पुष्प अर्पित किए। महाराणा सांगा ने उत्तरी भारत पर राज करने वाले आखिरी हिन्दू शासक थे। महाराणा संग्राम सिंह इतने बहादुर और वीर शासक थे,जिनके शीने पर 80 घाव हिने के बावजूद वो दुश्मन से लड़ते रहे।उन्होंने बाबर व इब्राहम लोधी को धूल चटाई वे युद्ध मे परास्त किया।
राणा ने सभी राजाओं को एक जुट किया वे विदेशी आक्रमणकारियों के खिलाफ मिलकर लड़ने को तैयार किया। राणा सांगा के जीवन से सभी को सीखने को मिलता है के कंभी भी जीवन मे हार नही मनानी चाइए,आखिरी दम तक संघर्ष करना चाइए वे जो ताकत एकता और संगठन में उसका कोई सानी नही है।

# महिला मोर्चा ने दलित समुदाय की बहनों के साथ भोजन किया



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**भारतीय** जनता पार्टी सेवा पखवाड़ा के द्वारा चलाए जा रहे अभियान में प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सुमित्रा चौहान प्रदेश प्रभारी संतोष यादव सोनीपत जिला अध्यक्ष तीर्थ राणा के निर्देशानुसार महिला मोर्चा ने दलित समुदाय की बहनों के साथ भोजन किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती इंदु वलेचा ने कहा की ऐसे अभियान हम सबको प्रेरणा देते हैं कि हमें अमीर गरीब में कोई भेदभाव नहीं करना चाहिए । सब को एक समान देखना चाहिए क्योंकि मानव जाति एक है और मानवतावाद और मूलांक मनुष्य जाति के प्रति नैतिक दृष्टि के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दयालुता परोपकार सहानुभूति जैसे गुणों को मनुष्य के लिए सार्वभौमिक माना जाता है और मनुष्य को किसी के प्रति लिंग प्रजाति राष्ट्रीयता धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं करना चाहिए। इसलिए हम सबको स्वार्थ से ऊपर उठकर दूसरों के हित के लिए एक दूसरे की स्वतंत्रता का सम्मान करना चाहिए जिसमें मानवतावाद से विश्व के शांति का वातावरण बना रहे।

# 8 किलो 400 ग्राम गांजा पत्ती सहित कार सवार नशा तस्कर गिरफ्तार

**पानीपतः** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस की टीम ने सनौली अड्डे पर कार सवार एक नशा तस्कर को 8 किलो 400 ग्राम गांजा पत्ती सहित गिरफतार किया। आरोपी की पहचान नितिन पुत्र सतीश निवासी दुधाहेडी मुजफफर नगर यूपी के रूप में हुई। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि मंगलवार देर साय गुप्त सूचना मिली थी कि संदिग्ध किस्म का एक युवक टाटा सफारी कार लेकर कैराना यूपी से गांव सनौली आएगा। कार में मादक पदार्थ होने की संभावना है। मानकर एंटी नाराकोटिक्स सेल की टीम के गांव सनौली अड्डे पर पहुंचकर नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू कर दी।

# आईएएस दहिया ने संभाला पानीपत के उपायुक्त का कार्यभार

## एसडीएम, सीटीएम, सीईओ, एमडी शुगर मिल आदि ने किया डीसी वीरेन्द्र दहिया का स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**वर्ष** 2013 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी वीरेन्द्र दहिया ने बुधवार को दोपहर बाद उपायुक्त का कार्यभार संभाल लिया। पानीपत लघु सचिवालय पहुंचने पर सीईओ जिला परिषद विवेक चौधरी, एसडीएम वीरेन्द्र ढुल, सीटीएम राजेश सोनी, शुगर मिल के एमडी नवदीप नैन, डीआरओ डॉ. राजकुमार भौरिया, जिला डीडीपीओ सुमित चौधरी ने उनका बुके देकर स्वागत किया।
वहीं उपायुक्त का कार्यभार संभालने के बाद वीरेंद्र दहिया ने अधिकारियों का परिचय लेते हुए कहा कि जनता के हित के कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का मेरा मजबूत संकल्प है जिसे आप के सहयोग से पूरा करूंगा। इस मौके पर सीईओ जिला परिषद विवेक चौधरी ने जिले में सरकार द्वारा चलाए गए कार्यो के बारे में जानकारी दी। जीएम रोड़वेज कुलदीप जांगड़ा ने नया बस स्टैण्ड शुरू होने की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। इस मौके पर शुगर मिल के एमडी नवदीप नैन ने डाहर में बनाए गए नए शुगर मिल की स्थिति से अवगत करवाया व गन्ने की पिराई के सन्दर्भ में जानकारी दी। उपायुक्त वीरेन्द्र दहिया ने 20 साल पूर्व के अपने अनुभव को प्रशासनिक अधिकारियों के सामने रखा।

# नागरिक सगोष्ठी का किया गया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**शहर** के दिल्ली रोहतक रोड स्थित दिल्ली हॉस्पिटल बहादुरगढ़ की तरफ से "स्वास्थ सेवाओं में बहादुरगढ़ कल,आज और कल" विषय पर प्रबुद्ध नागरिक सगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता डॉ. श्रवण बंसल, निदेशक दिल्ली हॉस्पिटल द्वारा की गई। संगोष्ठी मे शहर के विभिन्न विभागो एवं व्यवसायो से जुड़े गणमान्य लोगों ने शिरकत की व अपने अपने अनुभव साझा किए। अपने अध्यक्षीय संबोधन दिल्ली हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर श्रवण बंसल ने खान पान को सही रखने की अपील करते हुए कहा कि उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा आदि के कारण हद?यघात का खतरा बढ़ता है। डायबिटीज के रोगियो को 40 वर्ष के बाद समय - 2 पर अपनी जरुरी जाँच करवाते रहना चाहिए। डॉ सुनीता छिल्लर संस्थापक व कॉउंसलर,सुनहरा कल फाउंडेशन,ने बताया कि अधिकतर बिमारियों का कारण मानसिक स्वस्थ का खराब होना होता है। शारीरिक स्वास्थ और मानसिक स्वास्थ का निकट सम्बन्ध है और अवसाद के कारण हद?य रोग, कैसर, मधुमेह जैसे रोगो का जोखिम बढ़ता है। जीवन शैली मे परिवर्तन कर स्ट्रेस , डिप्रेशन को कम करके शारीरिक रूप से स्वास्थ रहा जा सकता है। मंच संचालन करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता सत्येंद्र दहिया ने कहा कि अच्छा पोषण, नियमित शारीरिक गतिविधियां और पर्याप्त नींद स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक है। उचित स्वास्थ नीतियों के साथ -साथ स्थानीय रूप से उपलब्ध संसाधनो, नई तकनीको का उपयोग करके जागरूकता लाना व स्वास्थ संवर्धन दृष्टिकोण अपनाने से हम स्वास्थ रह सकते है। इस परिचर्या में रमेश छिल्लर, पूजा अग्रवाल, शिक्षाविद संजीव शर्मा, पूर्व प्रधान, बार एसोसिएशन बहादुरगढ़ से सतीश छिकारा, भाजपा नेता विजेंद्र दलाल, डॉ नरेश वत्स , वेदप्रकाश ढुल, भगत सिंह मैत्री संस्था के प्रधान प्रदीप यादव, वजीर सिंह सिन्धु तथा वजीर सिंह दहिया आदि प्रबुद्ध लोगो ने भाग लिया व अपनी - 2 राय दी कि कैसे हम अपनी जीवनशैली को बदलकर स्वास्थ सेवाओं को बेहतर कर सकते है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनों को दिल्ली अस्पताल की ओर से जूट बैग एवं टी-शर्ट उपहार स्वरूप सप्रेम भेंट की गई। इस अवसर पर पार्षद परवीन कुमार सोनू,सचिन दलाल, संदीप दहिया, विजेंद्र पाल दलाल, मानव जागृति एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी से अनिल कुमार दिनेश कुमार वेदपाल एवं बलवान सार्थक सेवा समिति से वजीर सिंह दहिया योग शिक्षिका सुनील देवी उर्मिला एवं उषा शिक्षाविद कुसुम राठी ममता शर्मा सोमबीर दहिया खंड शिक्षा अधिकारी सुमेर सिंह एवं राजवीर सिंह लाकड़ा अशोक वत्स एवं अनु गुलिया, सतवीर दलाल, संजीव कुमार, विपिन अग्रवाल पूर्व पार्षद प्रतिनिधि राजेश खत्री प्रदीप कुमार एवं शिवम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# कार्रवाई न होने पर उपायुक्त, पीएम व सीएम से मिलेंगे समिति पदाधिकारी

## बढ़खालसा में पंचायती जमीन व मन्दिर के पास पीपल का पेड़ काटने का मामला



**टीम एक्शन इंडिया/राई**
**गांव बढ़खालसा** में मन्दिर के पास पंचायती जमीन में गांव के मन्दिर के पास पीपल का पेड़ काटने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर ग्राम कल्याण सेवा समिति संघर्ष कर रही है। लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के चलते समिति के पदाधिकारियों को न्याय मिलने की उम्मीद नही लग रही है। अब समिति ने निर्णय लिया है कि अगर संबधित अधिकारी कार्रवाई नही करेंगे तो वे अधिकारियों की भी शिकायत उच्च्य अधिकारियों को देंगे। समिति ने मुख्यमंत्री, उपायुक्त व सीएम वींडों में दी शिकायत में समिति सदस्य व ओमदत ने बताया कि गांव का मन्दिर व पेड़ पंचायती जमीन में है। पेड़ व मन्दिर की चार दिवारी करवाई जाए। समिति के बताया कि चोरी छिपे पेड़ को काटकर बिल्कुल नष्ट कर दिया है। बीडीपीओं को 24 फरवरी 2023 को शिकायत दी थी लेकिन कोई असर नही हुआ। शिकायत करते-करते फिर पीपल के पेड़ को काट दिया। अब पीपल को पेड़ बिना टहनी के बिल्कुल ठूंस रह गया है। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि हैरानी की बात है कि शिकायत करते- करते पीपल काटने वाले के हौसल्ले इतने बुंलद है कि उसने पीपल को काटकर उसके तने को भी चोरी कर लिया है। अब उसके खिलाफ पंचायती जमीन से पीपल काटने व चोरी करने के दो मामले दर्ज होने चाहिए।

**पीपल काटने के खिलाफ मामला दर्ज के लिए पुलिस को लिखा :** गांव के सरपंच फूलकंवार ने बताया कि बीडीपीओ कार्यालय से उनके पास पत्र आया था कि पीपल काटने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस में मामला दर्ज करवाया जाए। पंचायत ने कार्रवाई करते हुए अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ करने के लिए पुलिस को लिख दिया है। अब पुलिस कार्रवाई करेगी।

# टाइम इंडिया कर टैलेंट हंट में छाए डी गोयनका स्कूल के छात्र



**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**जी. डी.** गोयनका पब्लिक स्कूल, बहादुरगढ़ के छात्रों ने टाइम इंडिया द्वारा आयोजित टैलेंट हंट शो में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। छात्रों ने कथक और अस्थायी नृत्य दोनों रूपों का प्रदर्शन किया, जिसमें वे प्रथम और तृतीय पुरस्कार लेने में सफल रहे। ओइंद्रिला बसु, स्कूल की शास्त्रीय नृत्य शिक्षिका, जो दिवंगत पंडित बिरजू महाराज की शिष्या हैं, ने इस प्रदर्शन के लिए छात्रों को प्रशिक्षित किया है। स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. सुचित्रा भट्टाचार्य ने छात्रों की कड़ी मेहनत की सराहना की और उन्हें भविष्य के लिए प्रेरित किया। चेयरपर्सन शैलजा जून ने भी छात्रों और डांस टीचर के प्रयासों की सराहना की और उन्हें इस तरह की प्रतियोगिताओं में आगे भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि अन्य गोयनकनों के लिए भी एक बेंचमार्क स्थापित किया जा सके।

